सोमवार, 28 अप्रैल 2025

मौसम

तापमान 32 – 24
आर्द्रता 70%
सूर्योदय: 5:07 सूर्यास्त: 18:02

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : संबंधों नजदिकियां और दूरियां बढ़ने का काम मनुष्य स्वयं करता है।



आरबीआई गवर्नर ने अमेरिकी उद्योग से भारत में निवेश करने को कहा –पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# हर भारतीय का खून खौल रहा है, पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा: मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों और इसकी साजिश में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने का पुन: आश्वासन देते हुए रविवार को कहा कि पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा। मोदी ने अपने मासिक 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि हमले की तस्वीरें देखकर हर भारतीय का खून खौल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता और 140 करोड़ नागरिकों की एकजुटता सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा, ''यह एकता आतंकवाद के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है।'' प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन शहर में किया गया यह हमला आतंकवाद के सरपरस्तों की हताशा एवं कायरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह हमला ऐसे समय



में किया गया जब घाटी में शांति और विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में रौनक लौट रही थी, निर्माण कार्य में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या रिकॉर्ड दर से बढ़ रही थी, लोगों की आय बढ़ रही थी और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा हो रहे थे। मोदी ने कहा, ''देश के दुश्मनों, जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को यह रास नहीं आया। आतंकवादी और आतंकवाद के आका चाहते हैं कि कश्मीर फिर से बर्बाद हो जाए और इसलिए उन्होंने इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि कश्मीर में नागरिकों पर हुए इस भीषण आतंकवादी हमले से उनके मन में गहरी पीड़ा है और इस घटना ने देश के हर नागरिक को दुख पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों के लिए हर भारतीय के मन में गहरी संवेदना है, भले ही वह किसी भी राज्य से हो या कोई भी भाषा बोलता हो। उन्होंने कहा, ''मुझे एहसास है कि आतंकवादी हमले की तस्वीरों को देखकर हर भारतीय का खून खौल रहा है। मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।

## पहलगाम आतंकी हमले की जांच में रूस और चीन की भागीदारी चाहता है पाकिस्तान

**मॉस्को :** रूसी सरकार द्वारा संचालित आरआईए नोवोस्ती समाचार एजेंसी को दिए गए एक हालिया साक्षात्कार में पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा, मुझे लगता है कि रूस या चीन या यहां तक कि पश्चिमी देश इस संकट में बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं और वे एक जांच दल भी गठित कर सकते हैं, जिसे जांच का यह काम सौंपा जाना चाहिए कि भारत या मोदी झूठ बोल रहे हैं या वह सच बोल रहे हैं। एक अंतरराष्ट्रीय दल को पता लगाने दें। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी अंतरराष्ट्रीय जांच कराने का प्रस्ताव रखा है।

## जम्मू-कश्मीर में तीन और आतंकवादियों के घर ध्वस्त किए गए

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद आतंकवादी तंत्र के खिलाफ कार्रवाई जारी रखते हुए प्राधिकारियों ने बांदीपोरा, पुलवामा और शोपियां जिलों में तीन कथित सक्रिय आतंकवादियों के घरों को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही, 22 अप्रैल को पहलगाम में बैसरन घाटी में हुए हमले के बाद से अब तक संदिग्ध आतंकवादियों के नौ घरों को ध्वस्त कर दिया गया है। पहलगाम में हुए हमले के बाद आतंकवाद विरोधी अभियान में तेजी आई है, जिसके तहत सुरक्षा बलों ने सिर्फ पांच दिन में घाटी में 500 से अधिक स्थानों पर छापे मारे हैं और सैकड़ों संदिग्धों से पूछताछ की है।

## पहलगाम हमले के बाद दिल्ली में बढ़ी हलचल

### राजनाथ सिंह से मिले सीडीएस,40 मिनट तक चली बैंठक

■ पीएम नरेंद्र मोदी से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की मुलाकात

**नई दिल्ली :** पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर पाकिस्तान को क्या जवाब देना है? इस पर भारत में बैठकों का दौर जारी है। इसी सिलसिले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पीएम हाउस पहुंचे। इससे पहले दोपहर में सीडीएस जनरल अनिस चौहान ने डिफेंस मिनिस्टर से उनके घर जाकर मुलाकात की थी। पहलगाम हमले को लेकर यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है।

इस बीच, एनआईए ने पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच अपने हाथ में ले ली है और आतंकी साजिश का पता लगाने के लिए सबूतों की तलाश तेज कर दी है तथा प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवाद रोधी एजेंसी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के बाद रविवार को जम्मू में मामला दर्ज किया और कई टीम जांच में जुटी हैं।



## आज मुख्यमंत्री ममता दीघा के दौरे पर जाएंगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दीघा में जगन्नाथ धाम के उद्घाटन की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को दीघा पहुंच रही हैं। प्रशंसकों से लेकर पर्यटकों और आम लोगों तक हर कोई उद्घाटन को लेकर बहुत उत्साहित है। चारों ओर सजावट है। भगवान जगन्नाथ के स्वागत के लिए विभिन्न पूजा स्थलों पर होम यज्ञ किए जा रहे हैं। मंदिर परिसर घंटियों और तुरही की ध्वनि से मतवाला हो रहा है। इस बीच, पुरी के राजेश द्वैतपति और इस्कॉन प्रतिनिधि राधारमण दास के नेतृत्व में चरणबद्ध तरीके से होम यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के सामने पुआल और होगलों की छत के नीचे द्वैतापति के नेतृत्व में सुबह से ही महामंत्र यज्ञ चल रहा है। मंदिर परिसर नरसिंह मंत्र के जाप से भरा हुआ है। 30 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन मंदिर का उद्घाटन होगा। पिछले कुछ दिनों से मंदिर के अंदर और बाहर विभिन्न देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना चल रही है तथा सुबह-शाम आम, फावड़े आदि से विश्व शांति यज्ञ भी चल रहा है। मुख्यमंत्री ने एक्स हैंडल पर जगन्नाथ धाम को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। महायज्ञ अक्षय तृतीया से एक दिन पहले मंगलवार को विभिन्न पवित्र स्थलों से जल लेकर शुरू होगा। इस्कॉन और पुरी के प्रतिनिधि इसमें भाग लेंगे। मुख्यमंत्री स्वयं वहां मौजूद रहेंगे। महायज्ञ के लिए पेरा, खाजा, गाजा, रसगुल्ला आदि मिठाइयां बनायी जायेंगी।



## भारतीय नौसेना ने पोत विध्वंसक अभ्यास किया

**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना के युद्धपोतों ने लंबी दूरी के सटीक हमलों के लिए अपनी तैयारी को प्रदर्शित करते हुए सफलतापूर्वक पोत विध्वंसक अभ्यास किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय नौसेना ने रविवार को यह जानकारी दी। नौसेना की युद्ध क्षमता का यह प्रदर्शन, पहलगाम आतंकवादी हमले के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच हुआ है। इस आतंकी हमले में 26 नागरिक मारे गए थे। इस भयावह हमले के तार सीमा पार से जुड़े होने का हवाला देते हुए भारत ने पहले ही इसमें शामिल लोगों को कड़ी सजा देने की बात कही है। हमले से भारत और विदेशों में व्यापक आक्रोश फैल गया है। भारतीय नौसेना के एक अधिकारी ने कहा, ''भारतीय नौसेना के पोतों ने लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमले के लिए मंचों, प्रणालियों और चालक दल की तत्परता को पुनः प्रमाणित करने और प्रदर्शित करने के लिए पोत विध्वंसक अभ्यास सफलतापूर्वक किया।'' इसमें कहा गया है कि भारतीय नौसेना किसी भी समय, किसी भी स्थान पर, किसी भी तरह से राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने को युद्ध के लिए तैयार है।



## चार दिन में 537 पाकिस्तानी नागरिकों ने अटारी के रास्ते भारत छोड़ा

**नयी दिल्ली :** पिछले चार दिन में नौ राजनयिकों और अधिकारियों समेत कम से कम 537 पाकिस्तानी नागरिक अटारी-वाघा सीमा चौकी के रास्ते भारत छोड़ पाकिस्तान जा चुके हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि रविवार को पाकिस्तान के 12 श्रेणियों के अल्पकालिक वीजा धारकों के लिए भारत में रहने की समय सीमा समाप्त होने के मद्देनजर कई और पाकिस्तानियों के स्वदेश लौटने की संभावना है। उन्होंने बताया कि पंजाब स्थित अंतरराष्ट्रीय सीमा के रास्ते 14 राजनयिकों और अधिकारियों समेत कुल 850 भारतीय नागरिक पाकिस्तान से भारत वापस आ चुके हैं। भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़कर जाने का निर्देश दिया था। अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि नौ राजनयिकों और अधिकारियों सहित कुल 237 पाकिस्तानी नागरिक 27 अप्रैल (रविवार) को अटारी-वाघा सीमा चौकी के रास्ते पाकिस्तान लौट गए, जबकि 24 अप्रैल (बृहस्पतिवार) को 28, 25 अप्रैल (शुक्रवार) को 191 और 26 अप्रैल (शनिवार) को 81 पाकिस्तानी नागरिक स्वदेश चले गए।



### भारत छोड़ने में विफल रहने वाले पाकिस्तानियों को हो सकती है तीन साल की जेल

कोई भी पाकिस्तानी, जो सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर भारत छोड़ने में विफल रहता है, उसे गिरफ्तार किया जाएगा, मुकदमा चलाया जाएगा और उसे तीन साल तक की जेल की सजा या अधिकतम तीन लाख रुपये का जुर्माना या दोनों का सामना करना पड़ सकता है। सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को 'भारत छोड़ो' नोटिस तब जारी किया था, जब 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। दक्षेस वीजा धारकों के लिए भारत से बाहर जाने की अंतिम तिथि 26 अप्रैल थी। मेडिकल वीजा रखने वालों के लिए यह अंतिम तिथि 29 अप्रैल है। जिन 12 श्रेणियों के वीजा धारकों को रविवार तक भारत छोड़ना होगा, वे हैं – आगमन पर वीजा, व्यापार, फिल्म, पत्रकार, पारगमन, सम्मेलन, पर्वतारोहण, छात्र, आगंतुक, समूह पर्यटक, तीर्थयात्री और समूह तीर्थयात्री।

## एनसीईआरटी की नई पाठ्यपुस्तकों में मुगल, दिल्ली सल्तनत को हटाया गया

### महाकुंभ को जोड़ा गया

**नयी दिल्ली :** कक्षा सात की एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों से मुगलों और दिल्ली सल्तनत के सभी संदर्भ हटा दिए गए हैं जबकि भारतीय राजवंशों, महाकुंभ के संदर्भ और 'मेक इन इंडिया' और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी सरकारी पहलों को नए अध्यायों में शामिल किया गया है। इस सप्ताह जारी की गई नई पाठ्यपुस्तकें नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) और स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफएसई) 2023 के अनुरूप तैयार की गई हैं, जो स्कूली शिक्षा में भारतीय परंपराओं, दर्शन, ज्ञान प्रणालियों और स्थानीय संदर्भ को शामिल करने पर जोर देती हैं। संपर्क करने पर एनसीईआरटी के अधिकारियों ने कहा कि ये किताबों का सिर्फ पहला भाग है और दूसरा भाग आगामी महीनों में आने की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर कोई टिप्पणी नहीं की कि हटाए गए हिस्से किताब के दूसरे भाग में बरकरार रखे जाएंगे या नहीं। एनसीईआरटी ने पहले मुगलों और दिल्ली सल्तनत से जुड़े पाठों को छोटा कर दिया था, जिसमें तुगलक, खिलजी, मामलुक और लोदी जैसे राजवंशों का विस्तृत विवरण और मुगल सम्राटों की उपलब्धियों पर दो-पृष्ठ की तालिका शामिल थी। ये कवायद 2022-23 में कोविड-19 महामारी के मद्देनजर पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने के हिस्से के रूप में की गई थी, हालांकि, नई पाठ्यपुस्तक में अब उनके सभी संदर्भों को हटा दिया है। सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक 'समाज का अध्ययन : भारत और उसके आगे'' में प्राचीन भारतीय राजवंशों जैसे मगध, मौर्य, शुंग और सातवाहन पर नए अध्याय हैं, जिनका ध्यान ''भारतीय लोकाचार'' पर है। पुस्तक में एक और नया संस्करण ''भूमि कैसे पवित्र बनती है'' नामक अध्याय है, जो इस्लाम, ईसाई, यहूदी, पारसी, हिंदू, बौद्ध और सिख जैसे धर्मों के लिए भारत और बाहर पवित्र माने जाने वाले स्थानों और तीर्थस्थलों पर केंद्रित है।

ब्रिटिश विदेश मंत्री लैंमी ने जयशंकर और पाक के उप प्रधानमंत्री डार से की बातचीत (पृष्ठ 7)

WALK IN INTERVIEW
[Between 10:30am - 12pm]
THE CAG SCHOOL
(An ISO 9001-2015 Certified)
6, Pollock Street, Kolkata-700001,
Land Mark : Tea Board, Brabourne Road,
Ph : 92309 87139 / 92309 87140
Teachers below 40 years are required for...

| Date | Subject | Qualification |
|---|---|---|
| 28.04.25 | Pre-Primary & Primary Section | Min. - Graduate T.T.C / B.Ed. / Montessori |
| 28.04.25 | AI & Robotics | Min. - BCA / MCA with experience in AI & Robotics |
| 29.04.25 | History / Political Science / Physics / Chemistry / Biology | Min. - Post Graduate with Specified subject & B.Ed. |
| 30.04.25 | German / French | C1 Advanced German / French Proficiency Level |
| 30.04.25 | Telecaller | At least 3 years experience in Front Office |

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी
सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपैडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।
मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।
सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632
e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com



Ram Naresh Jaiswal M: 9830913810
Dinesh
Timber Co.
Dealers :
All types of Timber, Plywood,
Shuttering Woods & Shuttering Plywood.
19, Orphangunge Road, Kolkata-700023(Near Taj Bengal Hotel)
Phone: 033 2479 3089 E-mail: timberply@hotmail.com

## पहलगाम हमले से सबक ले बने रणनीति

इसमें दो राय नहीं कि पहलगाम के भीषण आतंकी हमले ने देश के अंतर्मन पर गहरे जख्म छोड़े हैं। निस्संदेह, निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कई सवाल हमारे सामने छोड़ गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कश्मीर का दौरा किया। उस आतंकी हमले के बाद जिसमें छब्बीस लोग मारे गए थे। निस्संदेह, उनका यह दौरा हमारे इस सैन्य संकल्प की अभिव्यक्ति है कि हमारी सेना आम जन की सुरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। एक ऐसे क्षेत्र में जहां लोगों ने दशकों आतंक की त्रासदी झेली है, वहां प्रतीकात्मक जवाबदेही से आगे ठोस रणनीति बनाने की जरूरत है। दुर्भाग्य से आतंकवादियों ने उस क्षेत्र को अपने आतंक का निशान बनाया, जो जम्मू-कश्मीर के अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्रों में शामिल था। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस हमले को लेकर कोई खुफिया अलर्ट क्यों नहीं मिल पाया, जिससे लोगों में रोष व्याप्त हुआ है। दरअसल, सुरक्षा चूक की ऐसी घटनाएं सिस्टम की तैयारियों के प्रति जनता के भरोसे को प्रभावित करती हैं। इसमें दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री ने इस मामले में त्वरित हस्तक्षेप किया। इस संकटपूर्ण स्थिति में उन्होंने अपनी विदेश यात्रा को बीच में ही रोकना प्राथमिकता समझा। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तुरंत जम्मू-कश्मीर पहुंचे। वहीं शाह का तुरंत घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचना दुर्भाग्यपूर्ण घटना की गंभीरता को ही रेखांकित करता है। अब चाहे ये प्रयास कितने भी तात्कालिक व ईमानदार क्यों न हों, वे प्रणालीगत सुधार के विकल्प नहीं हो सकते। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आश्वासन दिया है कि हर अपराधी को पकड़ने के लिये सरकार कृतसंकल्प है। लेकिन इस तरह के आश्वासन केवल अल्पकालिक आवश्यकता को पूरा करते हैं। बेहतर होता कि हम पहले ही ऐसी चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करते कि परिंदा भी पर न मार सकता। निश्चित रूप से इस तरह के आतंकी हमले का व्यापक परिदृश्य हमें आत्ममंथन को विवश करता है।

बहरहाल, पहलगाम आतंकी हमले से हुई जनहानि तमाम सवालों को जन्म देती है। हर किसी संवेदनशील मन में घटनाक्रम को लेकर अनेक प्रश्न उभरते हैं। आम विमर्श में यह मुद्दा उठता रहा है कि जम्मू-कश्मीर के इस संवेदनशील क्षेत्र में सेना की उपस्थिति क्यों नहीं थी। आखिर इस हमले की भनक हमारे खुफिया तंत्र को क्यों नहीं लगी। जम्मू-कश्मीर देश का सीमावर्ती व संवेदनशील क्षेत्र है। दशकों की आतंकी घटनाओं के चलते इस क्षेत्र में सेना, केंद्रीय सुरक्षा बलों, खुफिया एजेंसियों तथा स्थानीय पुलिस की उपस्थिति देश के अन्य राज्यों के मुकाबले काफी ज्यादा रहती है। सवाल यह भी है कि आखिर खुफिया एजेंसियों से किस स्तर पर और क्यों चूक हुई। आखिर स्थानीय व विदेशी आतंकवादी इतनी आसानी से हमारे सुरक्षा चक्र को भेदने में कैसे सफल रहे? ऐसे तमाम सवाल हमारे नीति-नियंताओं से पारदर्शी जवाब मांग रहे हैं। ऐसे में सिर्फ सार्वजनिक रूप से बयान देने से काम चलने वाला नहीं है। हमें सुरक्षा व्यवस्था व खुफिया तंत्र की उन तमाम खामियों को दूर करना होगा, जिनके अभाव में आतंकवादी अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने में सफल हो सके। निस्संदेह, कश्मीर यात्रा के दौरान सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने सुरक्षा बलों के बीच ऑपरेशनल समन्वय की समीक्षा की। लेकिन राष्ट्र और कश्मीरी सिर्फ प्रोटोकॉल को सख्त करने से कहीं अधिक चाहते हैं। पहलगाम आतंकी हमले के आलोक में खुफिया जानकारी साझा करने के तंत्र को सक्षम बनाने, तेज प्रतिक्रिया ढांचे के निर्माण और सुरक्षा तंत्र की मजबूती को मूर्त रूप देने की जरूरत है। कश्मीर को लेकर हमारे दांव हमेशा ऊंचे होते हैं, अब चाहे वे सैन्य, भावनात्मक और राजनीतिक रूप से हों। हमें पहलगाम आतंकी हमले में अपनों को खोने वाले लोगों के दर्द को संवेदनशील ढंग से महसूस करना चाहिए। आज वास्तविक स्थिति में बदलाव की जरूरत है ताकि हमारे राष्ट्रीय संकल्पों को संबल मिल सके। हमें जमीनी असहज सच्चाइयों का सामना करना होगा। इनसे मुकाबला करने की दृढ़ इच्छाशक्ति ही भविष्य की चुनौतियों से पार पाने में हमें सक्षम बना सकती है।

# यदि दुश्मन की कमर तोड़नी है तो....



डॉ घनश्याम बादल

पहलगाम की बैसरन घाटी में 22अप्रेल को जिस तरह आतंकवादियों ने पर्यटकों की हत्या की, वह निसंदेह एक वीभत्स, निंदनीय एवं क्रूर कृत्य था । वैसे ऐसा पहली बार नहीं हुआ है । आतंकवाद का जब-जब और जहां-जहां बस चला है उसने ऐसे नृशंस हत्याकांड किए हैं । उसने न साधन संपन्न अमेरिका को बख्शा न ही सीरिया, अफगानिस्तान, इराक, ईरान, रूस या भारत जैसे देशों पर दया दिखाई।

26 नवंबर 2011 को मुंबई में ऐसा ही हमला हुआ था उसके बाद पुलवामा उड़ी जैसी जगहों पर समय-समय पर हमले व हत्याकांड होते रहे और हर बार हम आतंकवादियों और उनके सर परस्तों को नेस्तानाबूद करने के बयान देते रहे मगर ऐसा हो नहीं पाया । अब एक बार फिर से आतंकवाद और उसे प्रश्रय दे रहे पड़ोसी देश पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश उभर कर सामने आया है । हमले के बाद कुछ कूटनीतिक निर्णय भी लिए गए हैं जिनमें सिंधु का जल रोकना, पाकिस्तान के दूतावास के सदस्यों की संख्या कम करना, पाकिस्तानियों के यू एन वीजा के माध्यम से भारत आने पर रोक लगाना एवं देश में आए हुए सभी पाकिस्तानियों को एक में से पहले देश छोड़ने का आदेश देना । उधर पाकिस्तान ने भी लगभग ऐसे ही निर्णय लेकर इनका जवाब दिया है। इन निर्णयों का कितना असर पड़ता है यह समय के गर्भ में है और इस पर आलोचना प्रत्यालोचना का भी दौर चल रहा है ।

यदि शत्रु की सचमुच कमर तोड़नी हो तो कुछ सिद्धांत बहुत पहले से मौजूद हैं और कुछ उनमें जोड़े गए हैं यदि भारत सचमुच में आतंकवाद एवं अपने शत्रुओं की कमर तोड़ना चाहता है तो इन बिंदुओं पर काम करने से काफी हद तक सफलता मिल सकती है। चलिए, एक नज़र डालते हैं ऐसे ही कुछ बिंदुओं पर।

जिस शत्रु की कमर तोड़नी हो उसके आय के स्रोत बंद कर दो, उसके अपनों को उससे अलग कर दो, उसका हुक्का पानी, बंद कर दो यानी उसे इतना अकेला कर दो कि वह कहीं का ना रहे।

शत्रु को यदि जड़ से समाप्त करना हो तो आमने-सामने का युद्ध उतना कामयाब नहीं होता । उसके घर में चुपचाप घुसकर वहां के जयचंदों से मिल जाओ उसके अपनों को उसके विरुद्ध भड़का दो और उसके रहस्य जानकर उसके ऊपर अंतिम प्रहार करने से पहले उसे इतना बेजान कर दो कि वह अपने पैरों पर खड़ा ही न हो पाए।



यदि शत्रु को पूरी तरह काबू करना हो तो उसके लिए काम करने वाले वफादार लोगों की कमज़ोरी पता करो उसके आधार पर उन्हें काबू करो और उनका इस कदर ब्रेन वॉश करो कि उन्हें यह लगने लगे कि वे जिसके साथ खड़े हैं वह उनका दुश्मन है और उनका केवल उपयोग कर रहा है।

यदि शत्रु को समूल नष्ट करना हो तो उनके घर / देश की स्त्रियों को उनके कुकृत्यों ,अवैध संबंधों, नाजायज़ औलादों के बारे में बताओ । उन्हें बार-बार उनके अधिकारों की याद दिलाते हुए एहसास कराओ कि उनका शोषण किया जा रहा है उन्हें इतना उकसाओ कि वे जिनके साथ रह रही हैं उन्हीं के खाने और जीवन में इतना ज़हर घोल दें कि वे जिंदा रहकर भी मुर्दे के बराबर हो जाएं।

**प्रसंगवश :**

यदि शत्रु किसी भी तरह काबू में न आ रहा हो तो उसकी औलादों / नागरिकों को नशे का आदी बना दो, कुसंगति में फंसा दो और उन्हें अपने मां-बाप / देश के खिलाफ खड़ा कर दो इससे शत्रु की ताकत आधे से भी काम रह जाएगी।

शत्रु पर विजय प्राप्त करने के लिए उसके गहरे मित्रों को अपना मित्र बना लो और उन्हें एहसास कराओ कि वे जिनके साथ लगे हैं उनके साथ न उनकी खैर है और न उनके मित्रों का भविष्य उज्ज्वल है।

दुश्मन को हराने का एक तरीका उसे थका कर मारना भी है । उसे इतना उकसाओ कि वह आप पर स्वयं हमला कर दे और ऐसे क्षेत्र या पक्ष पर हमला करे जिसमें आपका नुकसान न के बराबर हो और वह और उसके सिपाही, हितेषी अथवा सेना उसमें किसी पिंजरे की तरह कैद होकर रह जाए।

यदि शत्रु के समक्ष आपकी ताकत बहुत ज़्यादा नहीं है तो शत्रु के शत्रु को भी अपनी और मिला लो यदि उन्हें अपने हिस्से में से भी कुछ देना पड़े तो दे दो लेकिन उन्हें अपने राज़ मत जानने दो।

शत्रु को हराने के लिए अपने हथियारों सेनाओं, गुप्तचरों, स्लीपिंग सेल एवं रणनीति को सदैव तैयार रखें और केवल एक योजना के आधार पर काम न करें अपितु प्लान ए, प्लान बी, प्लान सी जिसकी जहां जरूरत हो उसे वहां लागू करें।

अपनी सेना को अत्याधुनिक हथियारों, तकनीकी, प्रशिक्षण एवं नियमित व्यायाम, सक्रियता, उचित खान-पान, कसरत और उमंग एवं उत्साह तथा जुनून के माध्यम से इतना सशक्त बनाएं कि कोई उसके बराबर न आ पाए। समय-समय पर उसे छद्म युद्ध के माध्यम से अभ्यास कराएं। एक एक सैनिक को यह विश्वास दिलाएं कि वह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ सैनिक है और उसकी सेना का कोई मुकाबला नहीं है।

छोटी-छोटी जीत हासिल करने पर भी अपने सैनिकों को प्रोत्साहन राशि, पुरस्कार मेडल एवं सम्मान देकर उनको उत्साह से लबरेज रखें। जो युद्ध के मैदान में, बाहर या अंदर, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शहीद हों उनके परिवारों का पूरा ख़्याल रखा जाए ताकि जो जीवित है उन्हें इससे प्रेरणा एवं निश्चिंतता मिले।

इन सबसे बढ़कर अपने सैनिकों को समर्पित, निस्वार्थ, उच्च नैतिक मूल्य वाले एवं मातृभूमि की रक्षा हेतु सदैव तत्पर तथा प्राण उत्सर्ग करने हेतु उद्यत रखने की नीति उन्हें अपना सर्वस्व लुटाकर भी राष्ट्र की रक्षा करने हेतु सदैव प्रेरित रखती है।

शत्रु को खत्म करने का आखिरी हथियार है आमने-सामने का युद्ध लेकिन इस युद्ध में अपनी हार की भी बराबर संभावना होती है किसी देश को आमने-सामने के युद्ध में आर पार या अंतिम रूप से हराना आज के युग में बहुत मुश्किल है उदाहरण के रूप में वियतनाम, यूक्रेन जैसे युद्ध सामने हैं। अतः क्रोध, आवेग, उकसावे,अति उत्साह या स्वार्थवश प्रत्यक्ष युद्ध से बचा जाए तो बेहतर होता है । धैर्य, रणनीति एवं निर्ममता पूर्वक शत्रु पर प्रहार ही विजय का असली सूत्र है।

यदि शत्रु पर वार करें तो पहले सुनिश्चित कर लें कि किसी भी कीमत पर उसे ज़िंदा या अधमरा करके नहीं छोड़ना । उसके रोने गिड़गिड़ाने, पुनः ऐसी ग़लती न करने की शपथ लेने आदि जैसे छलावे में कदापि न आएं और उसे पूरी तरह नेस्तानाबूद कर दें. तभी आप शांति प्राप्त कर सकते हैं।

# मज़हबी उन्माद का घिनौना चेहरा है आतंकवाद



डॉ. सुधाकर आशावादी

किसी भी भूभाग पर रहने वाले लोगों का जीवन उस भूभाग पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के आधार पर ही निर्भर रहता है। इसलिए पृथ्वी का जो भूभाग व्यक्ति के लिए अन्न, जल व आवास की व्यवस्था करता है। उस भाग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना व्यक्ति का प्रथम दायित्व होना चाहिए। विश्व भर में ऐसा ही है जहां राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से प्रत्येक नागरिक राष्ट्र के प्रति समर्पित रहता है । कई देशों का विधान ही ऐसा है, जहां व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत आस्थाओं के अनुपालन में राष्ट्र धारा के प्रतिकूल आचरण करने का दुस्साहस नही कर सकता। विडंबना है कि भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र में मज़हब के नाम पर लोगों को मनमानी की छूट प्राप्त है, जिस कारण कुछ लोग मज़हबी उन्माद में जीयो और जीने दो के सिद्धांत की अवहेलना करने में पीछे नहीं रहते, जिसके परिणाम स्वरूप देश में धार्मिक उन्माद आतंकवाद जैसी अमानवीय हिंसा को निमंत्रण देता है।

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के उपरांत सैलानियों की सुरक्षा और गुप्तचर एजेंसियों की विफलता पर सवाल तो उठेंगे ही, मगर इस आतंकी हमले में समूचे देश में विगत अनेक बरसों से राष्ट्र से पहले मजहब को मानने का प्रचलन भी कम दोषी नहीं है। कौन नहीं जानता कि किसी भी पंथ निरपेक्ष राष्ट्र में सभी को अपने अपने धार्मिक मूल्यों के आधार पर पूजा पद्धति अपनाने और सांस्कृतिक व परम्परागत उत्सव मनाने का अधिकार है, किन्तु यह अधिकार राष्ट्रीय एकता और अखंडता पर प्रहार करने तथा राष्ट्रय अनुशासन को अस्वीकार करने की स्वतंत्रता प्रदान नहीं करता। किसी भी समृद्ध लोकतंत्र में आम आदमी के लिए दो विधान नहीं हो सकते। भारत का दुर्भाग्य है कि कतिपय राजनीतिक स्वार्थ के चलते कुछ राजनीतिक दलों ने सत्ता बहुमत के आधार पर संविधान में मनमाने संशोधन करके खास धर्म के अनुयायियों को विशेषाधिकार प्रदान किए।

**दृष्टिकोण**

अल्पसंयकों में भी भेदभाव किया। अल्पसंख्यकों की गणना हेतु समुचित मानक निर्धारित नहीं किए, जिसका दुष्परिणाम यह हुआ कि अल्पसंख्यक होने का अधिकाधिक लाभ केवल एक ही मजहब के अनुयायियों ने अधिक उठाया। सरकारी योजनाओं के नाम पर फर्जी संस्थान स्थापित करके करोड़ों रूपये के अनुदान प्राप्त किए। बिना किसी आधार के सरकारी और व्यक्तिगत सम्पत्तियों को वक्फ की संपत्ति घोषित करके समाज में विघटनकारी स्थिति उत्पन्न की। देश की संसद में भी अपने अनुरूप संविधान में संशोधन कराया तथा माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णयों को भी अपने मजहबी मामलों में दखल घोषित करके नकारा। इतिहास साक्षी है कि विश्व के किसी भी लोकतांत्रिक देश में ऐसी दबाव की एक पक्षीय नीतियों को कोई मान्यता नहीं दी जाती। विश्व में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से ही व्यवस्था सुचारू रहती हैं। जिन मजहबी रिवायतों को इस्लामिक राष्ट्र भी अपने देश में लागू नहीं करते, उन मजहबी रिवायतों के नाम पर भारत में धरने प्रदर्शन करके राष्ट्र को नकारने में भी संकोच नहीं किया जाता। यह चिंताजनक स्थिति है, जिससे निपटने के लिए एक देश एक कानून और समस्त लोकतान्त्रिक मूल्यों को धार्मिक आस्थाओं से ऊपर उठकर स्वीकारने पर बल दिया जाना आवश्यक है। भारत जैसे देश में मजहब के नाम पर कट्टरपन और आतंक को किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जा सकता। सो आवश्यक है कि संविधान से अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक जैसे शब्दों की जगह केवल नागरिक शब्द को मान्यता दी जाए। कोई भी मजहब राष्ट्र से बड़ा नहीं हो सकता, सो समान नागरिक संहिता, कठोर जनसँख्या नीति, नागरिक पंजीकरण की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर हो। राष्ट्र के समग्र विकास और आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु मुफ्त में प्रदान की जाने वाली सुविधाएँ तत्काल प्रभाव से बंद हों। यदि समय रहते मजहबी उन्माद को नहीं रोका गया, तो वह दिन दूर नहीं, कि जब कट्टरपंथी सिर्फ कश्मीर में ही नहीं, बल्कि देश के अन्य हिस्सों में भी धर्म पूछकर अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने से का दुस्साहस न करें। सो समय से ही यदि आतंकियों पर कठोर कार्यवाही अपेक्षित है। (विनायक फीचर्स)

## विदेश की खबरें

### पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दक्षिण अफ्रीक के लोगों ने भारत के प्रति एकजुटता व्यक्त की

**जोहानिसबर्ग** : जोहानिसबर्ग में भारतीय महावाणिज्य द्वारा आयोजित एक सभा में भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों के साथ-साथ बड़ी संख्या में दक्षिण अफ्रीकी नागरिक शामिल हुए और पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी तथा भारत के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की। यहूदी और हिंदू समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले वक्ताओं ने शुक्रवार को हमले को लेकर रोष प्रकट किया और जान गंवाने वाले तथा घायलों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। यहूदी धर्म गुरु रब्बी अहरोन जुलबर्ग ने हर तरह के आतंकवाद की निंदा की। जुलबर्ग ने अपनी शुरुआती प्रार्थना में कहा, 'हम आतंकवाद के दंश को अच्छी तरह से समझते हैं...आज, हम आपके साथ खड़े हैं। आइए हम इस नफरती दुनिया को बदलने के लिए एकजुट होकर काम करें, नफरत की जगह समझ, प्यार और उम्मीद जगाएं।' महावाणिज्य दूत महेश कुमार ने कहा कि यह हमला 'आतंकवाद का एक कायराना कृत्य' था जिसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, 'भारत में 26/11 मुंबई हमले (2008 में) के बाद से यह सबसे बड़ा हमला है जिसमें इतनी संख्या में नागरिकों की जान गई। इस हमले में भारतीय नागरिकों, कुछ विदेशियों और अन्य लोगों को भी निशाना बनाया गया।' कुमार ने कहा, 'यह हमला जम्मू-कश्मीर में, खासकर पिछले साल केंद्र शासित प्रदेश में हुए सफल और शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक चुनावों के बाद नागरिकों, अल्पसंख्यक समुदायों और आगंतुकों को निशाना बनाने के लिए कहा गया।' उन्होंने कहा, 'हमले के पीछे का मकसद बहुत स्पष्ट है- जम्मू-कश्मीर में शांति और सामान्य स्थिति को बहाल नहीं होने देना।

### यूएई के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बात कर पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की

अबू धाबी/नयी दिल्ली : संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात की और पहलगाम आतंकवादी हमले की 'कड़ी निंदा' करते हुए भारत के प्रति एकजुटता एवं समर्थन व्यक्त किया। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक 'पोस्ट' साझा कर कहा कि दोनों नेता इस बात

### ह्यूस्टन में शहीद हिंदू नायकों को श्रद्धांजलि, वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई




**ह्यूस्टन** : ह्यूस्टन समुदाय ने शनिवार को शुगर लैंड मेमोरियल पार्क में एकजुट होकर उन 26+ हिंदू नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने भारत और नेपाल में आतंकवादियों द्वारा प्रस्तुत शर्तों को नकारते हुए शहादत दी। इस आयोजन में विभिन्न संगठन जैसे वीएचपीए, हिंदूस ऑफ ग्रेटर ह्यूस्टन, ग्लोबल कश्मीर पंडित डायस्पोरा, एबीएमएमएस, दिशा, हिंदू पीएक्ट, हिंदू एक्शन और अन्य ने मिलकर 26+ भारतीयों और नेपाल नागरिकों की शहादत को सम्मानित किया। समूह ने आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शित करते हुए पोस्टर और प्लेकार्ड दिखाए, जिसमें हिंदू जीवन मायने रखता है, 9/11 आतंकवादी हमला कभी न भूलें, हम डर के सामने कभी नहीं झुकेंगे, पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ दुनिया एकजुट है जैसी बातें शामिल थीं। विभिन्न वक्ताओं ने वैश्विक आतंकवाद की निंदा की और कश्मीर पंडित संगठन के अमित रैना ने दशकों से कश्मीरी हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के बारे में बताया। इस मौके पर सीजीआई ह्यूस्टन से प्रशांत के सोना उपस्थित थे और उन्होंने वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ भारत सरकार की शून्य सहनशीलता नीति का समर्थन किया। नेपाली समुदाय के प्रमुख पशुपतिनाथ मंदिर के पुजारी दिलीप शास्त्री ने कहा कि किसी भी देश के नागरिकों को आतंकवादियों द्वारा निशाना बनाना मानवता के खिलाफ है। समुदाय ने पीएम मोदी सरकार से आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई की उम्मीद जताई, जैसे पहले सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक की गई थी। इस हमले की दुनिया भर में निंदा हो रही है, जिसमें अमेरिका, फ्रांस, रूस, यूके, जर्मनी, यूरोपीय संघ, यूएई, इजराइल और अन्य देशों का समर्थन शामिल है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 28 अप्रैल, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, वैशाख शुक्लपक्ष प्रतिपदा, 21:12 तक, नक्षत्र : भरणी, 21:38 तक, योग : आयुष्मान, 20:02 तक, सूर्योदय: 5:07, सूर्यास्त: 18:02, चन्द्रोदय : 05:08, चन्द्रास्त: 18:47, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 06:46 से 08:22

## राशिफल

**मेष** : मेष राशि वालों के लिए दिन सफलता से भरा रहेगा और आपको जमीन-जायदाद के मामले में डील करने से फायदा होगा। आपको पैसों के मामले में बड़ा लाभ होगा।

**वृष** : वृषभ राशि के लोगों के लिए दिन सफलता से भरा होगा और कारोबार में आपको धन लाभ भरपूर होगा। कारोबार में योजनाएं सफल होंगी। आप निडर रहेंगे और हर काम में सफलता मिलेगी।

**मिथुन** : मिथुन राशि वालों को हर काम सावधानी से करने की सलाह है। आप विवादों से दूर रहें और अपने काम पर ध्यान दें। ध्यान रखें कि आपकी बातों से किसी को ठेस न पहुंचे।

**कर्क** : कर्क राशि वालों का दिन लाभ और तरक्की से भरा होगा और कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होंगी। हालांकि कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है और मनचाहा सहयोग नहीं मिलेगा।

**सिंह** : सिंह राशि वालों के लिए दिन करियर में लाभ और सफलता से भरा होगा और आपको नए काम को पूरा करने में खुशी का अनुभव होगा। आपका ज्यादातर समय धार्मिक कार्य में बीतेगा।

**कन्या** : कन्या राशि वालों के लिए दिन भाग्य की दृष्टि से अच्छा रहेगा और आपकी आर्थिक परेशानियां दूर होंगी और भाग्य आपका साथ देगा। संतान से शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं।

**तुला** : तुला राशि वालों के लिए दिन लाभ और सफलता से भरा होगा और आपको शिक्षा के क्षेत्र में धन लाभ होने से खुशी होगी। शिक्षा में आपकी रुचि बढ़ेगी और आपको सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** : वृश्चिक राशि वालों को करियर में लाभ होने की संभावना है और आपका आमदनी से ज्यादा खर्च होगा। संतान के अच्छे कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**धनु** : धनु राशि वालों को करियर में लाभ होगा और आपकी विद्या, बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छाएं पूरी होंगी और ऑफिस में आपको सम्मान मिलेगा।

**मकर** : आज का दिन आपके लिए खर्चो से भरा रहने वाला है। विदेशों से व्यापार कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकते हैं। आय और व्यय में आपको संतुलन बनाकर चलें।

**कुम्भ** : आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी इनकम बढ़ने से आपको खुशी होगी। आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से आपका मन खुश रहेगा।

**मीन** : आज का दिन आपके लिए व्यवसाय के मामले में अच्छा रहने वाला है। आप अपने कामों पर पूरा फोकस बनाएंगे और अपनी जिम्मेदारियां को भी समय रहते पूरा करने की कोशिश करेंगे।

## वर्ग पहेली नं. 3076

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | | | | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | 18 | | ■ | 19 | 20 | | 21 |
| 22 | 23 | | | ■ | 24 | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ | |
| 26 | | | | | ■ | ■ | 27 | | |

*बायें से दायें:-* 1) तरीक़ा; क़ानून, 3) यमुना में मिलनेवाली एक नदी, 6) गायब, 8) लम्हाती; पल दो पल का, 9) अधम; दुराचारी, 11) एक देवांगना, 13) भाग, 14) पुलकित, 16) उदासी; निरुत्साह, 17) दीर्घ; लंबाईयुक्त, 18) प्रचलित, 19) रसयुक्त, 22) बटमारी, 25) एक कंद, 26) गैरजरूरी, 27) एशिया का एक बौद्ध धर्मीय देश.

*ऊपर से नीचे:-* 1) शादी, 2) सेवक, 3) तिलक, 4) लाख, 5) अचानक, 6) सीलन, 7) विष्णु, 10) राम, 12) व्यापार, 13) भीतर का, 15) तम्बाकू पीने का एक साधन, 16) अपूर्णकृत, 20) रज़ामंदी, 21) अपरिवर्तित, 23) खिसकाना, 24) एक पालतू पशु, 25) आशंका. *(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नि | ■ | स | मो | सा | ■ | ह | रि | या | णा |
| र | ■ | सु | ■ | फ़ | स | ला | ■ | रा | ■ |
| प | धा | र | ना | ■ | ब | ह | क | ना | ■ |
| रा | ■ | ■ | दा | ढ़ी | ■ | ल | त | ■ | आ |
| ध | न | वा | न | ■ | ठो | ■ | वा | र्षि | क |
| ■ | र | ■ | ■ | ख़ा | स | क | र | ■ | र्ष |
| ■ | क | ल | क | ल | ■ | दं | ■ | ■ | क |
| दु | ■ | ड़ | ■ | सा | ह | ब | ज़ा | दा | ■ |
| आ | ज्ञा | का | री | ■ | त्या | ■ | ती | स | रा |

## सुडोकू-पहेली-3033

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 6 | 8 | 3 | | | |
| | | | 4 | | 5 | | 3 | 6 |
| | | | 2 | | | | 7 | |
| | | | | | 2 | 7 | | 8 |
| | | 3 | | | | | 9 | 2 |
| 6 | | | | 1 | | | | 4 |
| | | 9 | | | | 5 | | 7 |
| | | 5 | | | 7 | | | |
| 2 | | | | | 8 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3032 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 6 | 8 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 8 | 3 | 7 | 9 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 9 | 8 |
| 6 | 2 | 4 | 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 |
| 1 | 3 | 7 | 9 | 8 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 9 | 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 | 4 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 1 | 2 | 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 6 |

# धमकी नहीं अब पीओके पर कब्जे का समय है : अभिषेक बनर्जी

## तृणमूल सांसद ने कहा... 'केवल सर्जिकल स्ट्राइक नहीं पाक को उसके भाषा में मिले जवाब'



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को सबक सिखाया जाए और पड़ोसी देश द्वारा कब्जाए गए कश्मीर के हिस्से को वापस लिया जाए। पाक को उसी की भाषा में जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि केवल सर्जिकल स्ट्राइक से काम नहीं चलने वाला है। अभिषेक ने कहा कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को सबक सिखाया जाए और पड़ोसी देश द्वारा कब्जाए गए कश्मीर के हिस्से को वापस लिया जाए। अभिषेक बनर्जी ने यह भी कहा कि यह 'केवल सर्जिकल स्ट्राइक या पाकिस्तान को धमकियां देने का समय नहीं है। तृणमूल सांसद ने 'एक्स' पर लिखा कि अब समय आ गया है कि उन्हें (पाकिस्तान) उनकी भाषा में सबक सिखाया जाए। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि राजनीति से ऊपर उठकर इस मुद्दे का निर्णायक ढंग से सामना किया जाए। पिछले कुछ दिन से मुख्यधारा के मीडिया और केंद्र सरकार के शीर्ष पर बैठे लोगों के आचरण पर करीबी नजर रखने का दावा करते हुए अभिषेक ने कहा कि पहलगाम में इस अभूतपूर्व आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार चूक की गहराई से जांच करने के बजाय वे एक ऐसे विमर्श को आगे बढ़ाने पर अधिक ध्यान केंद्रित करते दिखते हैं, जिससे एक विशेष राजनीतिक दल को लाभ पहुंचे।

# पहलगाम आतंकी हमला : कोलकाता के मृत बितान अधिकारी के घर पहुंची एनआईए की टीम

**कोलकाता, समाज्ञा**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए बितान अधिकारी के कोलकाता स्थित आवास पर रविवार को पहुंची। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए की टीम ने पहलगाम के पास बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हुए पर्यटक (अधिकारी) के परिवार के सदस्यों से बात की। आतंकवाद-रोधी कार्य पर विशेष ध्यान देने वाली कानून प्रवर्तन एजेंसी की एक टीम



इस हमले में मारे गए एक अन्य व्यक्ति समीर गुहा के आवास गई और उनके परिवार के सदस्यों के बयान दर्ज किए।

उल्लेखनीय है कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में पश्चिम बंगाल के तीन लोग मारे गए हैं, जिनकी पहचान बितान अधिकारी (कोलकाता के बैष्णभघाटा), समीर गुहा (कोलकाता के साखेर बाजार) और मनीष रंजन (पुरुलिया के झालदा) के रूप में हुई है।

## साल्टलेक में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर कोलकाता में एक बार फिर फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ हुआ है। जानकारी के अनुसार, साल्टलेक के सेक्टर 5 में ऑफिस खोलकर तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के नाम पर विदेशी नागरिकों से ठगी करने के आरोप में एमडी, मैनेजर और दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। इन चारों को बिधाननगर इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स थाने ने गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एक सूत्र से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार, पुलिस को पता चला है कि सेक्टर 5 में कई फर्जी कॉल सेंटर कार्यालय खोलकर और तकनीकी सहायता प्रदान करके विदेशी नागरिकों को ठग रहे हैं। खबर मिलने पर उन्होंने जांच की और कार्यालय ढूंढ लिया। छापेमारी में कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। रविवार को चारों को बिधाननगर अनुमंडल न्यायालय में पेश किया गया।

# नदिया में जाली पासपोर्ट और अवैध घुसपैठ मामले में ईडी ने फिर मारा छापा

**कोलकाता :** रविवार सुबह से ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नदिया जिले के चाकदह के तातला 2 नंबर ग्राम पंचायत निवासी दिव्येंदु राय के घर पर छापा मारा। केंद्रीय बलों के जवानों के साथ ईडी के तीन अधिकारी वहां पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, पासपोर्ट जालसाजी कांड में दिव्येंदु राय का नाम सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई।

इससे पहले भी पासपोर्ट घोटाले में दिव्येंदु राय का नाम सामने आया था। जानकारी के अनुसार, दुलाल हालदार नामक एक व्यक्ति, जो एक फोटो स्टूडियो और साइबर कैफे चलाते थे, के खिलाफ अवैध तरीके से पासपोर्ट बनाने का आरोप लगा था। हाल ही में इसी आरोप में



चाकदह के घटुगाछी ग्राम पंचायत के नेताजी बाजार, शिबपुर निवासी इंद्रभूषण हालदार उर्फ दुलाल हालदार के घर पर भी ईडी ने छापा मारा था। दिव्येंदु राय, दुलाल हालदार का भांजा बताया जा रहा है।

करीब सात घंटे तक ईडी अधिकारियों ने दिव्येंदु राय के घर पर रहकर परिवार के सदस्यों से पूछताछ की और तलाशी ली। इस मामले में मनोज गुप्ता और नदिया के मदनपुर निवासी धीरेन विश्वास को भी ईडी ने गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ में आलोक नाथ का नाम सामने आया था, जिसे सिजीओ कॉम्प्लेक्स में बुलाकर पूछताछ की गई। उसी पूछताछ में दुलाल हालदार का नाम भी सामने आया।

बताया जाता है कि इलाके में दुलाल एक प्रभावशाली व्यक्ति के तौर पर जाने जाते हैं। उनके पास काफी जमीन-जायदाद भी है और वे खेती-बाड़ी का काम करते हैं। हालांकि, इलाके के लोगों को इस तरह के किसी गैरकानूनी काम में उनकी संलिप्तता की जानकारी नहीं थी।

# महिला नेता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के लिए माकपा ने पूर्व सांसद वंशगोपाल को पार्टी से किया निष्कासित

**कोलकाता, समाज्ञा :** माकपा नेता और पूर्व सांसद वंशगोपाल चौधरी को उनकी पार्टी ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है और उन्हें संस्पेंड कर दिया है। एक महिला नेत्री ने उनके ऊपर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इस मामले में अश्लील चैट सामने आने के बाद पार्टी ने उनको निष्कासित कर दिया है। बता दें, इनसे पहले पूर्व मंत्री सुशांत घोष और पूर्व विधायक तन्मय भट्टाचार्य पर भी यौन उत्पीड़न का आरोप लग चुका है। अश्लील चैट सामने आने के बाद वंशगोपाल चौधरी लोगों के निशाने पर थे। मुर्शिदाबाद जिले की रहने वालीं महिला नेत्री जियागंज और आजिमगंज नगरपालिका की पूर्व



पार्षद भी रह चुकी हैं। आरोप लगाने वाली महिला नेत्री ने ही फेसबुक और वाट्सऐप पर अश्लील चैट के स्क्रीनशॉट शेयर किए थे। महिला नेत्री ने बताया कि वंशगोपाल रोजाना उनकी फेसबुक पोस्ट की तारीफ किया करते थे। महिला नेत्री ने बताया कि वह इसे इग्नोर करती रही क्योंकि वह इसे पार्टी के सीनियर नेताओं का समर्थन समझती थी। महिला नेत्री ने आरोप लगाते हुए बताया कि नवंबर 2023 में वंशगोपाल चौधरी ने उन्हें रात में वाट्सऐप पर अश्लील मैसेज भेजने चालू किए, जिसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत पार्टी के सचिव से भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद, फरवरी में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन के दौरान सांसद वंशगोपाल की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो महिला नेत्री ने वाट्सऐप चैट को फेसबुक पर पोस्ट कर दिया। चैट का स्क्रीनशॉट फेसबुक पर पोस्ट करने के साथ ही महिला नेत्री ने कैप्शन में लिखा, ऐसा चरित्रहीन और लंपट व्यक्ति पार्टी के राज्य सम्मेलन का प्रतिनिधि कैसे हो सकता है? महिला ने आरोप लगाया कि उनके द्वारा पार्टी को सौंपे गए सबूत लगातार लीक हो रहे थे, ऐसे में उनको अपनी सुरक्षा की चिंता भी सताने लगी थी। इन आरोपों के जवाब में पूर्व सांसद वंशगोपाल चौधरी ने इसे सिरे से खारिज करते हुए इसे राजनीतिक साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कुछ लोग उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। इस पूरे मामले को लेकर सीपीआई (एम) के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने बयान दिया है कि मामले की आंतरिक जांच की जा रही है। इस बीच, पार्टी की महिला कर्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर वंशगोपाल के खिलाफ नाराजगी जाहिर की।

# बेरोजगार शिक्षकों के एक वर्ग ने ममता बनर्जी की वित्तीय सहायता ठुकरायी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ने ग्रुप-सी और डी के बेरोजगार शिक्षकों को वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार, ग्रुप 'सी' कर्मचारियों को 25,000 रुपये और ग्रुप 'डी' कर्मचारियों को 20,000 रुपये मासिक वित्तीय सहायता दी जाएगी। लेकिन, बेरोजगार शिक्षकों ने मुख्यमंत्री द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता को ठुकरा दिया है। कोलकाता में नौकरी की बहाली को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों का मानना है कि उन्हें सरकार से वित्तीय सहायता नहीं चाहिए,



बल्कि रोजगार चाहिए। प्रदर्शन कर रहे सच्चिदानंद सिंह ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जो वित्तीय सहायता देने का ऐलान किया है, हमें मंजूर नहीं है। क्योंकि, हमने कड़ी मेहनत कर सरकारी नौकरी हासिल की थी। शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी थी कि वह परीक्षा को अच्छे से संपन्न कराते। लेकिन, परीक्षा में ही घोटाला हुआ। जिन लोगों ने परीक्षा में घोटाला किया, उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई, कोई सजा नहीं मिली। लेकिन, हम लोगों की नौकरी छीन ली गई। सैलरी बंद है। इसीलिए, हम लोग सड़कों पर बैठे हैं। मुख्यमंत्री कह रही हैं कि हम लोगों को वित्तीय सहायता दी जाएगी। ग्रुप सी को 25 हजार और ग्रुप डी को 20 हजार रुपये। हमें मुख्यमंत्री द्वारा यह वित्तीय सहायता नहीं चाहिए। हमें हमारी मेहनत पर मिली नौकरी वापस चाहिए। सैलरी वापस चाहिए।

# वक्फ अधिनियम पर अल्पसंख्यकों को गुमराह कर रही है टीएमसी : सुकांत मजूमदार

**मुर्शिदाबाद :** केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने रविवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर अल्पसंख्यकों को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि यह गरीब मुसलमानों के कल्याण के लिए बनाया गया है। मजूमदार ने दावा किया कि राज्य में वक्फ संपत्तियों को कुछ निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा लूटा जा रहा है। इस दिन, मुर्शिदाबाद जिले के लालबाग में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुसलमानों को वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर तृणमूल कांग्रेस द्वारा गुमराह किया जा रहा है, जो गरीब मुसलमानों के कल्याण और लाभ के लिए है। उन्होंने कहा कि गरीब मुसलमान गरीब ही बने हुए हैं, जबकि कुछ अवैध तरीकों का सहारा लेकर अमीर बन गए हैं। मजूमदार ने दावा किया कि ममता



बनर्जी सरकार खैरात बांटने वाली सरकार बन गई है, लेकिन यह लोगों की सुरक्षा के लिए काम नहीं कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा मुर्शिदाबाद को दूसरा बांग्लादेश नहीं बनने देगी। इस क्षेत्र में स्थित कर्ण सुवर्णा नामक स्थान को सातवीं शताब्दी में गौर साम्राज्य के राजा शशांक की भूमि बताते हुए मजूमदार ने कहा कि यह उस समय की बात है जब इस स्थान को बंगाल के नवाबों की भूमि के रूप में जाना जाता था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमें इस विचार को बदलना होगा कि मुर्शिदाबाद नवाबों की भूमि है। हम इस बात से इनकार नहीं करते कि यह बंगाल सूबा के अंतिम स्वतंत्र नवाब सिराजुद्दौला की भूमि भी थी, लेकिन इससे भी बढ़कर यह राजा शशांक की भूमि थी। मजूमदार ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तुष्टिकरण की राजनीति में लिप्त हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा था कि बांग्लादेश के लोगों ने मुर्शिदाबाद में हिंसा की है, लेकिन जाफराबाद में पिता-पुत्र की हत्या के आरोप में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए लोग स्थानीय हैं। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस हिंदुओं को सुरक्षा नहीं दे सकती है, तो उन्हें आत्मरक्षा में हथियार रखने का अधिकार है। मजूमदार ने दावा किया कि जगन्नाथ मंदिर, जिसका उद्घाटन बंगाल की खाड़ी के तट पर समुद्र तटीय शहर दीघा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा किया जाना है, का नाम जगन्नाथ सांस्कृतिक केंद्र है और इस तरह यह कोई मंदिर नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

**❑ 'अवैध लोगों को वोट बैंक बनाकर सत्ता पर सालों काबिज रहना चाहती हैं ममता'**

भाजपा नेता सुकांत मजूमदार ने ममता सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि टीएमसी में जितने भी मानसिक रूप से पाकिस्तानी नागरिक हैं, अगर हम उन्हें बाहर निकलेंगे तो ममता बनर्जी की आधे मंत्री पद खाली हो जाएंगे और उनकी पार्टी भी खाली हो जाएगी। ममता बनर्जी वोटबैंक की राजनीति करना चाहती हैं। वो बांग्लादेश और पाकिस्तान के अवैध लोगों को रखकर वोट बैंक बनाकर सालों तक सत्ता में काबिज रहना चाहती हैं। इसलिए देश के साथ भी गद्दारी करने में उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि जब पश्चिम बंगाल में अवैध लोगों का प्रतिशत ज्यादा हो जाएगा, तो वे ममता बनर्जी या अभिषेक बनर्जी या उनके परिवार के किसी को भी सत्ता में नहीं रहने देंगे।

# दीघा में जगन्नाथ मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने के लिए शुभेंदु अधिकारी को मिला निमंत्रण

## भाजपा नेता ने कहा... 'कुछ चिंताओं का समाधान करने पर मैं समारोह में सहर्ष भाग लूंगा'

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व मेदिनीपुर के दीघा में बंगाल सरकार द्वारा बनाए गए जगन्नाथ मंदिर के 30 अप्रैल को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह (उद्घाटन) के लिए ममता सरकार ने विपक्ष के नेता व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी को भी निमंत्रण भेजा है। शुभेंदु ने रविवार को खुद ही एक्स पर पोस्ट के माध्यम से इसकी जानकारी दी और कई सवाल भी उठाए। इस दिन, शुभेंदु ने एक्स पर लिखा कि पूर्व मुख्य सचिव डॉ. एचके द्विवेदी मुझे आपके द्वारा डब्ल्यूबीहिडको लिमिटेड के उपाध्यक्ष के रूप में दीघा में जगन्नाथ धाम के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए भेजा गया निमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ है। यदि आप निम्नलिखित चिंताओं का समाधान करते हैं, तो मैं समारोह में सहर्ष भाग लूंगा।

शुभेंदु ने कहा कि पश्चिम बंगाल हाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन (डब्ल्यूबीहिडको) के निविदा दस्तावेजों से पता चलता है कि दीघा में जगन्नाथ धाम संस्कृति केंद्र बनाया गया है। आप मुझे प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। क्या आप स्पष्ट करेंगे कि जगन्नाथ धाम संस्कृति केंद्र (सांस्कृतिक केंद्र) का उद्घाटन किया जा रहा है या जगन्नाथ मंदिर का? शुभेंदु ने कहा कि आपको निमंत्रण पत्र को उचित स्पष्टता के साथ पुन: प्रिंट करना होगा अथवा आप मुझे एक उत्तर भी भेज सकते हैं जिसमें स्पष्ट किया गया हो कि डब्ल्यूबीहिडको ने मंदिर बनाया है या सांस्कृतिक केंद्र। शुभेंदु ने पूर्व मुख्य सचिव एचके द्विवेदी को संबोधित करते हुए आगे लिखा कि आप हिडको के उपाध्यक्ष के रूप में मुझे निमंत्रण दे रहे हैं। हिडको के अध्यक्ष कौन हैं? उन्होंने लिखा कि हिडको की वेबसाइट से पता चलता है कि राज्य सरकार में मंत्री जनाब फिरहाद हकीम हिडको के अध्यक्ष हैं। उन्होंने लिंक के साथ सुबह लिया गया हिडको की वेबसाइट का स्क्रीनशाट भी संलग्न किया, जिसपर अध्यक्ष के रूप में फिरहाद हकीम का नाम दर्ज है। उन्होंने सवाल किया कि निमंत्रण कार्ड पर उनका नाम क्यों नहीं छपा है? उन्होंने पूछा कि क्या आप बता सकते हैं कि फिरहाद हकीम का जगन्नाथ धाम संस्कृति केंद्र या जगन्नाथ मंदिर से क्या संबंध है? शुभेंदु ने उल्लेख किया कि कुछ महीने पहले कुछ मीडिया रिपोर्टों में ऐसी चर्चा थी कि फिरहाद हकीम को हिडको के अध्यक्ष पद से बेवजह हटा दिया गया था। यदि ऐसा है, तो वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं और फिरहाद हकीम का नाम अभी भी हिडको के अध्यक्ष के रूप में वेबसाइट पर क्यों उल्लेखित है? उन्होंने मंदिर के प्रबंधन को लेकर भी कई सवाल किए। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि, राज्य सरकार द्वारा यह प्रचारित किया जा रहा है कि दीघा में जगन्नाथ धाम को पुरी के जगन्नाथ धाम के माडल पर बनाया गया है, तो क्या यह पुरी जगन्नाथ धाम के नियमों का भी पालन करेगा, जहां गैर हिंदुओं का प्रवेश प्रतिबंधित है? शुभेंदु ने अंत में लिखा कि मुझे विश्वास है कि आप अपना रुख स्पष्ट करेंगे और अस्पष्टताओं को दूर करेंगे, अन्यथा यह साबित हो जाएगा कि आप और आपकी राज्य सरकार सार्वजनिक नीति के रूप में छल, कपट और विश्वासघात करके करोड़ों हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

### ममता बनर्जी नकली हिंदू हैं : शुभेंदु अधिकारी

**❑ नेता प्रतिपक्ष पर तृणमूल कांग्रेस का पलटवार, पूछा... 'क्या वह असली हिंदू हैं?'**



**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने मुर्शिदाबाद जिले में सांप्रदायिक हिंसा के चलते हिंदू परिवारों के पलायन के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें नकली हिंदू बताया है। पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा में राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नए जगन्नाथ मंदिर को लेकर तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए शुभेंदु ने कहा कि ममता बनर्जी हिंदू विरोधी हैं। शुभेंदु ने कहा कि ममता बनर्जी एक नकली हिंदू हैं। हिंदू लोगों को मंदिर के नाम पर गुमराह न करें। ममता बनर्जी की वजह से मुर्शिदाबाद के हिंदू परिवार पलायन कर रहे हैं। शुभेंदु ने कहा कि हम अपनी संस्कृति और धर्म को जीवित रखने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। बंगाल में हिंदू खतरे में हैं। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद कल्याण बनर्जी ने रविवार को भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को नकली हिंदू बताने संबंधी टिप्पणी की निंदा करते हुए सवाल किया कि क्या वह असली हिंदू हैं? तृणमूल सांसद ने कहा कि भाजपा केवल उन लोगों को हिंदू मानती है जो जय श्री राम का नारा लगाते हैं। पत्रकारों से बात करते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा कि क्या शुभेंदु असली हिंदू हैं? तृणमूल नेता कुणाल घोष ने भी शुभेंदु की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ममता बनर्जी ब्राह्मण हिंदू समुदाय से हैं और सभी धर्मों का सम्मान करती हैं। उन्होंने कहा कि शुभेंदु अधिकारी, उनके पिता और उनके भाई कई सालों तक ममता के साथ रहे हैं, लेकिन उन दिनों ऐसा नहीं सोचते थे। शुभेंदु अधिकारी तृणमूल से विधायक, सांसद और मंत्री थे, लेकिन उन्होंने तब इन सब के बारे में नहीं सोचा था।

# बारुइपुर में नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के आरोप में सौतेला पिता गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के बारुइपुर थाना अंतर्गत सुभाषग्राम इलाके में नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने के आरोप में सौतेले पिता को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि मां की शिकायत के आधार पर रविवार को पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम बाबू अली पाइक है। आरोप है कि आरोपी कुछ समय से नाबालिग को उसकी मां की अनुपस्थिति में प्रताड़ित कर रहा था। आखिरकार, शनिवार की रात को पीड़िता ने अपनी मां को सारी बात बता दी। फिर, रविवार की सुबह महिला सीधे पुलिस के



पास गयी। बताया जा रहा है कि आरोपी पेशे से राजमिस्त्री है। महिला ने दस साल पहले उससे दूसरी शादी की थी। पीड़िता महिला के पहले पति की संतान है। आरोप है कि पिछले कुछ दिनों से आरोपी, 14 वर्षीय नाबालिग से शारीरिक दुर्व्यवहार करना शुरू कर देता था, जब भी उसकी मां काम पर जाती थी। पहले तो नाबालिग ने अपनी मां को कुछ भी बताने की हिम्मत नहीं की। अंततः उसने अपने डर पर काबू पा लिया और शनिवार की रात को अपनी मां को सारी बात बता दी। अपनी बेटी के मुंह से सारी बातें सुनने के बाद महिला ने बिना किसी हिचकिचाहट के पुलिस से संपर्क किया। इस दिन, सुबह में वह बारुइपुर थाने गयी और अपने पति के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करायी। उस शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को इलाके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति को उसी दिन बारुईपुर उपजिला न्यायालय में पेश किया गया।

**Name Change**

I, Sandip Jain (old name) son of Minna Lal Jain, residing at BL-5/2, FLAT 10A, 49A MANMOHAN BANERJEE ROAD, KOLKATA, WEST BENGAL, PIN- 700038, West Bengal, INDIA, have changed my name and shall henceforth be known as Sandip Kumar Jain (New Name) as declared before the Notary Public at Kolkata, dated 26/04/2025. Sandip Kumar Jain (New Name) and Sandip Jain (old name) both are same and identical person.

---

I, Mina Lal Jain (old name) son of Late Sohan Lal Lunia, residing at 59/3, KINGS ROAD, HOWRAH, WEST BENGAL, PIN- 711101, INDIA, have changed my name and shall henceforth be known as Minna Lal Jain (New Name) as declared before the Notary Public at Kolkata, dated 26/04/2025. Minna Lal Jain (New Name) and Mina Lal Jain (old name) both are same and identical person.a

## खड़गपुर में तालाब में डूबे दो किशोरों का शव 45 घंटे बाद बरामद

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के खड़गपुर में पानी में डूबने के 45 घंटे बाद दो किशोरों के शव बरामद किए गए। बता दें कि दो किशोर चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के लिए तालाब में नहाने गए थे और तस्वीरें लेने लगे। खड़गपुर शहर के दो किशोर रेलवे क्षेत्र में स्थित तालाब में डूब गए। घटना गुरुवार की शाम करीब 4 बजे खड़गपुर शहर के वार्ड नंबर 13 के अरंबाटी इलाके में घटी। उस दिन शाम से ही बचाव अभियान जारी था। लगभग 45 घंटे बाद शव अंततः बरामद किया गया। अग्निशमन विभाग, नागरिक सुरक्षा और गोताखोरों के संयुक्त प्रयास से शनिवार को दोपहर 1:45 बजे शव बरामद किया गया।



# उच्च माध्यमिक परीक्षा में पास होने के लिए पाँच विषयों में न्यूनतम 30% अंक आवश्यक

## संसद ने जारी की अधिसूचना

**कोलकाता :** उच्च माध्यमिक शिक्षा संसद ने एक नई अधिसूचना जारी कर स्पष्ट किया है कि उच्च माध्यमिक परीक्षा (11वीं और 12वीं कक्षा) में विद्यार्थियों को पास होने के लिए अनिवार्य और वैकल्पिक पाँचों विषयों में प्रत्येक में न्यूनतम 30% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

अधिसूचना में बताया गया है कि न केवल भाषा विषयों जैसे 'बंगाली' और 'अंग्रेजी' में, बल्कि अन्य तीन अनिवार्य और वैकल्पिक विषयों में भी छात्रों को पास करना जरूरी है।

संसद ने 11वीं और 12वीं कक्षा में सेमेस्टर प्रणाली लागू की है। नए नियमों के तहत, चारों सेमेस्टर में छात्रों को पाँचों विषयों में 30% से अधिक अंक प्राप्त करने होंगे।

संसद पहले ही सूचित कर चुकी थी कि इस नई व्यवस्था में छात्रों को कई सुविधाएँ मिलेंगी। उदाहरणस्वरूप, 11वीं के पहले और तीसरे सेमेस्टर में यदि कोई छात्र किसी विषय में पास नहीं कर पाता, तो उसे 'सप्लिमेंटरी' परीक्षा देने का मौका मिलेगा। हालांकि, 11वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं के तीसरे और चौथे सेमेस्टर में यदि




छात्र पाँच विषयों में पास नहीं कर पाते हैं, तो उनका एक वर्ष नष्ट हो जाएगा।

एक छात्र पंजीकरण तिथि से अधिकतम सात वर्षों तक सप्लिमेंटरी परीक्षा देने का अवसर प्राप्त कर सकेगा। यदि कोई छात्र 12वीं के चौथे सेमेस्टर में किसी विषय में फेल हो जाता है, तो वह अगले वर्ष 12वीं की परीक्षा के साथ उस विषय की परीक्षा फिर से दे सकेगा। यानी भले ही वर्ष नष्ट हो जाए, फिर भी संबंधित विषय में सप्लिमेंटरी परीक्षा देने का मौका रहेगा।

# चंदननगर की रोशनी में जगन्नाथमय हुई दीघा, मंदिर उद्घाटन से पहले समंदर नगरी में रंग-बिरंगी सजावट

**मेदिनीपुर :** दीघा अब रोशनी के रंग में नहा उठी है। सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंगलवार को यज्ञ और अक्षय तृतीया के दिन भव्य मंदिर का उद्घाटन – इस पूरे कार्यक्रम को ध्यान में रखकर समुद्र नगरी दिगा को चंदननगर की प्रसिद्ध रोशनी से सजा दिया गया है।

जैसे ही कोई दिगा में प्रवेश करेगा, अद्भुत प्रकाश व्यवस्था उसकी आँखों को चकाचौंध कर देगी। मंदिर से लेकर मुख्य राजपथ तक रंग-बिरंगी लाइट्स का अद्भुत नज़ारा बिखरा पड़ा है। रोशनी के विभिन्न इफेक्ट्स के माध्यम से दिगा को सजाया गया है, जिसमें चंदननगर के मशहूर कारीगरों की कला झलकती है।

चंदननगर के कलाकारों ने अपने विशेष लाइटिंग आर्ट से भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा की आकृतियों को जीवंत कर दिया है। जगन्नाथजी के तिलक से लेकर मंदिर की ध्वजा तक, हर बारीकी को सुंदरता से रोशनी में उकेरा गया है।

लगभग 200 कारीगरों ने दिगा को सजाने का कार्य किया है। इस सजावट में खासतौर पर चीन से आयातित 'एसएमडी' लाइट्स का इस्तेमाल किया गया है, जो अत्यधिक चमकदार होने के साथ-साथ कम बिजली खर्च करती हैं।

दीघा के प्रवेश द्वार से लेकर जहाजबाड़ी तक कुल आठ विशाल रोशनी के गेट बनाए गए हैं। हर गेट पर भी जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा की भव्य आकृतियाँ रोशनी के माध्यम से प्रदर्शित की गई हैं। इस शानदार प्रकाश व्यवस्था की ज़िम्मेदारी चंदननगर के प्रसिद्ध लाइटिंग आर्टिस्ट जयंत दास ने संभाली है।

मंदिर उद्घाटन को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अमला पूरी तरह सतर्क है। पूरे दिगा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण दिखाने के लिए विभिन्न स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाए गए हैं। ट्रैफिक कंट्रोल की व्यवस्था भी शुरू हो चुकी है। वीवीआईपी मेहमानों का आगमन भी जारी है, क्योंकि अब मंदिर उद्घाटन का काउंटडाउन शुरू हो चुका है।

### एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड (एलटीएफ) ने अब तक का सर्वाधिक पीएटी दर्ज किया

**कोलकाता :** भारत की प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड (एलटीएफ) ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 2,644 करोड़ का अब तक का सर्वाधिक कंसोलिडेटेड प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (पीएटी) दर्ज किया है, जिसमें वार्षिक आधार पर 14% की वृद्धि हुई है। कंपनी ने चौथी तिमाही में 636 करोड़ का पीएटी दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 15% अधिक है। वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, एलटीएफ के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, सुदीप्ता रॉय ने कहा, एक ऐसे वर्ष में जिसमें कई चुनौतियाँ थीं, हमारा प्रदर्शन स्थिर और मजबूत बना रहा, जिससे यह स्पष्ट होता है कि हम कठिन परिस्थितियों में भी टिके रहने की क्षमता रखते हैं।

### घाटाल में भाजपा नेता के घर के पास ताजा बम बरामद

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के घाटाल ब्लॉक के सुल्तानपुर ग्राम पंचायत के गोविंदपुर में रविवार को भाजपा नेता के घर से थोड़ी दूरी पर ताजा बम बरामद किए गए। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में भाजपा नेता कौशिक हाजरा के घर से थोड़ी दूरी पर दो ताजा बम बरामद किए गए। सूचना मिलने पर घाटाल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। बम पाए जाने के बाद घटना से तीव्र उत्तेजना फैल गई। भाजपा नेतृत्व के अनुसार, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने इन घटनाओं की योजना बनाई और उन्हें अंजाम दिया। घाटाल से भाजपा विधायक शीतल कपट ने कहा कि इस संबंध में घाटल पुलिस थाने को सारी जानकारी दे दी गई है। हालांकि, पुलिस ने दावा किया कि यह बम नहीं था। यह एक जल बम है।

### मुर्शिदाबाद हिंसा में मारे गए पिता-पुत्र हत्या मामले के मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मुर्शिदाबाद हिंसा के दौरान पिता-पुत्र की हुए हत्या मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम फेकरुल शेख उर्फ मोहक (24) है। वह मुर्शिदाबाद जिले के शमसेरगंज निवासी का निवासी है। बताया गया है कि पुलिस ने उसे शनिवार की रात हावड़ा जिले के डोमजूर इलाके से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ सूत्र का दावा है कि वह उन लोगों में से एक था, जिसने 12 अप्रैल को मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के दौरान पीड़ितों पर धारदार हथियार से हमला किया था और पिता-पुत्र की हत्या कर दी थी।

### गोबरडांगा में ट्रक की टक्कर से नर्स की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** अस्पताल से डयूटी से लौटते समय दुर्घटना में एक नर्स की मौत हो गई। यह घटना रविवार को उत्तर 24 परगना जिले के गोबरडांगा में घटी। मृतका की पहचान उषा मंडल (55) के रूप में की गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, उनका घर खाटुआ पाल इलाके में है। यह बदरिया स्टूपुर ग्रामीण अस्पताल में नर्स थी। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में वह अपने पति की स्कूटी पर डयूटी से घर लौट रही थी। गोबरडांगा थाना के समदर पाड़ा में एक ट्रक ने टक्कर मार दी। उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। बाद में, डॉक्टरों ने उषा को मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने शिकायत की कि पाइपलाइन कार्य के कारण सड़क की हालत खराब हो गई है।



पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ विश्व हिन्दू परिषद ने रविवार को हावड़ा मैदान में विरोध प्रदर्शन किया

## रामपुरहाट में दिनदहाड़े पत्थर व्यापारी की गोली मारकर हत्या

**बीरभूम :** जिले के रामपुरहाट थना इलाके में रविवार को गोलीबारी की घटना घटी। एक पत्थर व्यापारी की बदमाशों ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान सुदीप बास्की (28) के रूप में की गई है। रामपुरहाट पुलिस ने इस गोलीबारी के कारणों की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, व्यापारी युवक रामपुरहाट के शालबद्रा निरीशा इलाके का निवासी है। और उसी इलाके में उसका पत्थर का कारोबार है। बताया गया है कि इस दिन, सुबह करीब 11:30 बजे वह इलाके में एक पेट्रोल पंप के सामने था। बताया जा रहा है कि उसके पास एक बैग था जिसमें पैसे थे। उसी समय 10 लोगों के एक गिरोह ने इलाके पर हमला कर दिया। कथित तौर पर, उन्होंने सुदीप पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं। इस हमले से स्थानीय लोगों में



तत्काल दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि लोग अपनी जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों पर छिप गए। अपराधी तुरंत ही क्षेत्र से चले गये। युवक को गोली लगने से घायल अवस्था में पड़ा देखा गया। बदमाशों के जाने के बाद उसे तुरंत बचाया गया और रामपुरहाट मेडिकल कॉलेज व अस्पताल ले जाया गया। लेकिन, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

घटना की खबर मिलने के बाद रामपुरहाट थाने से बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची। क्या यह 'हत्या' व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण हुई है? या यह हमला किसी व्यापारिक कारण से किया गया है? यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। बताया गया है कि अपराधियों की तलाश के लिए विभिन्न क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया गया है।

## 87% पूर्वी भारत के लोग मच्छरों की परेशानी को पारिवारिक स्वास्थ्य जोखिमों से जोड़ते हैं, गुडनाइट सर्वे में खुलासा

**कोलकाता :** पूर्व भारत में 87% लोग मानते हैं कि नींद में खलल, विशेष रूप से बच्चों में, उनके परिवार के स्वास्थ्य और कल्याण को सीधे प्रभावित कर रहा है। विश्व मलेरिया दिवस (25 अप्रैल) से पहले, यह महत्वपूर्ण खुलासा सामने आया है एक सर्वे रिपोर्ट से, जिसे गुडनाइट ने जारी किया है, जो गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) का भारत का प्रमुख घरेलू कीटनाशक ब्रांड है। 'एक मच्छर, अनगिनत खतरे' नामक इस पैन-इंडिया सर्वे को गुडनाइट ने कमीशन किया था, और मार्केट रिसर्च फर्म युगोव द्वारा इसे लॉन्च किया गया है। यह अखिल भारतीय सर्वे सार्वजनिक दृष्टिकोण का अध्ययन करता है, और मच्छर जनित बीमारियों के जोखिम का आकलन करता है। यह चिंता सभी क्षेत्रों में स्थिर बनी हुई है, जिसमें पूर्व और पश्चिम भारत के 87% उत्तरदाताओं ने और दक्षिण के 86% लोगों ने समान विचार साझा किए हैं। अध्ययन के अनुसार, नींद की कमी भारतीय परिवारों में एक गंभीर समस्या बन गई है, जहां वयस्क हर रात लगभग 2 घंटे की नींद खोते हैं तो वहीं बच्चे अपनी अनुशंसित नींद से लगभग 4 घंटे वंचित रह जाते हैं। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर – इंडिया, अश्विन मूर्ति कहते हैं 'गुडनाइट का 'वन मच्छर, अनगिनत खतरे' एक राष्ट्रव्यापी सर्वे रिपोर्ट है, जो सार्वजनिक दृष्टिकोण को गहराई से समझती है और मच्छर जनित बीमारियों से जुड़े जोखिमों का मूल्यांकन करती है। ऐसी पहलों व प्रयासों के माध्यम से हमारा लक्ष्य है भारत में मच्छरों की समस्या को लेकर जागरूकता बढ़ाना, परिवारों को कार्रवाई के लिए प्रेरित करना, और देश को किफायती लेकिन अभिनव समाधान प्रदान करना।'

## मुनिश्री जिनेशकुमारजी जी के सानिध्य में स्वास्थ्य प्रबंधन कार्यशाला आरोग्य का सफल आयोजन

**कोलकाता :** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री जिनेशकुमार जी ठाणा-3 के सानिध्य में स्वास्थ्य प्रबंधन कार्यशाला आरोग्य का आयोजन तेरापंथ युवक परिषद पूर्वांचल-कोलकाता द्वारा द डिवीनिटी पैवेलियन में किया गया। कार्यशाला का विषय पहला सुख: निरोगी काया था। इस अवसर पर अच्छी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री जिनेश कुमार जी ने कहा – प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ जीवन जीना चाहता है। इसलिए सात सुखों की परिकल्पन में स्वस्थता को प्रथम स्थान पर पहला सुख निरोगी काया के रूप में स्थापित किया गया है। आरोग्य अनमोल है। रोग बाजार में आसानी से मिल सकता है, हॉस्पिटलों व डॉक्टरों की



भी कोई कमी नहीं है। दवाईयां भी बड़ी मात्रा में मिल सकती है। आरोग्य ही एक ऐसा है जो लाख प्रयत्न करने के बावजूद भी मिलना मुश्किल है। जगत में यह कैसी विडम्बना है कि व्यक्ति पहले धन प्राप्त करने के लिए आरोग्य को खर्च कर देता है और फिर आरोग्य प्राप्त करने के लिए धन खर्च करता है। रोग तो गली के कुत्ते के समान है। जो थोड़ा सा दरवाजा खुला रह जाने पर बिना आमंत्रण ही घर में घुस जाता है। रोग हमारे घर में नहीं घुसे इसके लिए जागरूक होना जरूरी है और अस्त-व्यस्त जीवन शैली में बदलाव लाना आवश्यक है। सम्यक् आहार, सम्यक् श्रम, सकारात्मक दृष्टिकोण, तनाव मुक्ति, व्यवस्थित दिनचर्या से व्यक्ति स्वस्थ रह सकता है। भोजन के साथ तीन चीजें जुड़ी हुई है उदर पूर्ति के लिए खाना प्रकृति है, जीभ तुष्टि के लिए खाना विकृति है और संयम पुष्टि के लिए खाना संस्कृति है। इस अवसर पर मुनिश्री परमानंद जी ने कहा-भोजन और वाणी का संयम आरोग्य के लिए आवश्यक है। मुनि श्री कुणाल जी ने सुमधुर गीत के संगान से मंगलाचरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर फिजियोथेरेपिस्ट राजीव भददाणी ने अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत भाषण अ.भा.तेयुप के कार्यकारणी सदस्य राजीव बोथरा ने दिया। श्वेताम्बर तेरापंथी सभा पुर्वांचल के अध्यक्ष संजय जी सिघिं ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए विचार व्यक्त किए। तेयुप के उपाध्यक्ष क्षेयांस दुग्गड़ ने आभार ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालम मुनिश्री परमानंद जी ने किया।

## वर्षीतप के उपलक्ष्य में साउथ हावड़ा में अनुमोदना कार्यक्रम आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** जैन धर्म का महत्वपूर्ण तप 'वर्षीतप' भगवान ऋषभदेव (आदिनाथ) द्वारा 12 महीनों तक की तपस्या के प्रतिरूप में होता है, जो एक वर्ष तक चलता है। इस वर्ष साउथ हावड़ा क्षेत्र से 7 बहनों ने इस कठिन तप की आराधना की। इस अवसर पर साउथ हावड़ा श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के तत्त्वावधान और ते.यू.प. साउथ हावड़ा के संयुक्त आयोजन में वर्षीतप अनुमोदना कार्यक्रम साउथ हावड़ा तेरापंथ भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र से हुई, और भजनों की अमृत वर्षा में तेरापंथ मंडल, अर्हम मंडल, महाश्रमण मंडल के साथ अनेक जनों ने अपनी सुंदर प्रस्तुतियां दी। सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीपत बाफना, चैयरमेन न्यासी



संजय नाहटा, महिला मंडल की अध्यक्षा चंद्रकांता पुगलिया, और ते.यू.प. के उपाध्यक्ष विक्रम भंडारी ने अपनी भावनाएं प्रस्तुत की। सभा परिवार की ओर से सभी तपस्विनी बहनों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया, जबकि ते.यू.प. एवं टी.पी.एफ. साउथ हावड़ा ने भी बहनों का सम्मान प्रस्तति पत्र के द्वारा किया। कार्यक्रम में सभा के ट्रस्टी संजय नाहटा, मनोज कोठारी, राजेन्द्र मनोत सहित सभा के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की टीम उपस्थित थी। पूरे कार्यक्रम में श्रावक समाज की अच्छी भागीदारी रही। कार्यक्रम का संचालन सभा के मंत्री बसंत पटावरी ने किया।

### ग्रीन लाइन के एस्प्लेनेड से सियालदह खंड का रेलवे संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने किया निरीक्षण



**कोलकाता :** एनएफ सर्कल के रेलवे संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) सुमीत सिंघल ने ग्रीन लाइन के एस्प्लेनेड से सियालदह खंड का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ट्रैक, सुरंग, सुरंग वेंटिलेशन, ट्रेन, आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधाओं सहित मेट्रो संचालन के सभी उप-प्रणालियों का विस्तृत निरीक्षण किया। किसी भी मेट्रो खंड को यात्रियों के लिए खोलने से पहले यह अनिवार्य पूर्व-शर्त होती है। निरीक्षण के दौरान अनुज मित्तल, प्रबंध निदेशक, केएमआरसीएल एवं प्रधान मुख्य अभियंता/मेट्रो रेलवे सहित मेट्रो रेलवे और केएमआरसीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के पश्चात सीआरएस ने इस खंड को यात्री सेवा के लिए तैयार पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया। सीआरएस की औपचारिक स्वीकृति प्राप्त होने के बाद, सॉल्ट लेक सेक्टर 5 से हावड़ा मैदान तक ग्रीन लाइन की पूरी 16.55 किलोमीटर लंबी धुरी का संचालन शुरू करने की योजना बनाई जाएगी।

## सच्चे गुरु राष्ट्र के हित की रक्षा करते हैं एवम् भक्तों के जीवन में सुख - शांति का आशीर्वाद, शुभकामना देते हैं

**कोलकाता :** ब्रह्मलीन विश्वद-ेवानंद महाराज के निर्वाण दिवस परभावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आचार्य श्रीकान्त शास्त्री, डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी, युवाचार्य आकाश शर्मा, आचार्य गौर कृष्ण दास महाराज, पुरुषोत्तम तिवारी एवम् अतिथि वक्ताओं ने कहा स्वामी विश्वदेवानंद जी का व्यक्तित्व, कृतित्व श्रद्धालु भक्तों के लिये प्रेरक है। भारतीय वैदिक संस्कृति अध्यात्म से जोड़ती है । ब्रह्मलीन विश्वदेवानंद महाराज ने सदैव भक्तों का मार्गदर्शन किया। सच्चे गुरु राष्ट्र के हित की रक्षा करते हैं एवम् भक्तों के जीवन में सुख - शांति का आशीर्वाद, शुभकामना देते हैं।

सभी वक्ताओं ने ब्रह्मलीन विश्वद-ेवानंद जी महाराज के बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए मर्यादित जीवन जीने की प्रेरणा दी और कहा जो व्यक्ति मन, कर्म, विवेक, वाणी से मर्यादित आचरण करता है, उस



व्यक्ति का मानव जीवन सार्थक है। सत्संग भवन के ट्रस्टी धर्मानुरागी, समाजसेवी पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी - शकुन्तला तिवारी, आञ्जनेय तिवारी, श्यामसुंदर धानुका, सत्यनारायण भट्टड़, प्रदीप आसोपा, मुकेश शर्मा एवम् कार्यकर्ताओं ने पूर्व पार्षद सुनीता झवर, समाजसेवी कृष्ण कुमार सिंघानिया, लायन मोहनलाल अग्रवाल, संजय उपाध्याय, सुशील कोठारी, बुलाकी दास मिमानी, शंकर बक्श सिंह, किशन झवर एवम् श्रद्धालु भक्तों का स्वागत किया। पण्डित लालजी मिश्रा, सुनील दीक्षित, राजू शर्मा, अभय पाण्डेय, अशोक शुक्ला, देवेन्द्र वाजपेई, अरुणा अग्रवाल, अशोक तिवारी, गुड्डन सिंह एवम् कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

## पहलगाम की घटना पर कैंडिल मार्च और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन




**कोलकाता, समाज्ञा :** नूतन बाजार आल टेनेट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में शहीद पर्यटकों और नागरिकों की जघन्य हत्या की घटना पर आज कैंडिल मार्च और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संस्था के सचिव मनोज सिंह पराशर ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादियों को पनाह देने वाले देशों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई की आवश्यकता है। उन्होंने सरकार से इस मामले में ठोस कदम उठाने की अपील की। कैंडिल मार्च के बाद श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने सांकेतिक चित्र पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का शोकपालन किया। श्रद्धांजलि सभा में सनेह कुमार, बापी प्रकाश हलदार, सचिन सोनकर, सुरेश केशरी, आकाश सोनकर, अतिश अग्रवाल, अशोक भटाचर्या, जगदीश सिंह सहित अन्य लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मानव एकता दिवस पर संत निरंकारी मिशन ने रक्तदान अभियान के साथ भाईचारे और सेवा का किया प्रचार

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रेम और भाईचारे की भावना को उजागर करने वाला 'मानव एकता दिवस' प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में संत निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित किया जाता है। मानव एकता दिवस पर मिशन द्वारा रक्तदान की प्रेरक श्रृंखला शुरू की जाती है, जो पूरे वर्ष समाज में निःस्वार्थ सेवा की भावना को फैलाती रहती है। इसके साथ ही सत्संग कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेम, शांति और समरसता का प्रचार भी किया जाता है। इस दिन को यह दर्शाने के रूप में मनाया जाता है कि सेवा केवल कार्य नहीं, बल्कि निष्काम समर्पण का एक आध्यात्मिक अनुभव है।

इस वर्ष भी संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने देशभर के 500 से अधिक स्थानों पर रक्तदान



शिविरों का आयोजन किया। कोलकाता में यह शिविर संत निरंकारी चैरिटेबल डिस्पेंसरी, पिकनिक गार्डन में आयोजित किया गया, जिसमें 580 श्रद्धालुओं ने रक्तदान किया, जिनमें से 263 महिलाएं थीं। रक्तदान किया गया रक्त सरकारी अस्पतालों को सुपुर्द किया गया। उक्त अवसर पर जोनल इंचार्ज मोहन प्रसाद साव के अतिरिक्त वार्ड-काउंसिलर लीपिका मन्ना तथा अन्य गणमान्य उपस्थित थे। इस क्रम में शांतिपुर,रिसडा,खड़गपुर में भी शिविर लगाया गया जहां संत जन रक्त दान किए।

संत निरंकारी हेल्थ सिटी की मेडिकल डायरेक्टर, गीतिका दुग्गल ने बताया कि इस अभियान में लगभग 30,000 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसमें दिल्ली शिविर में 1,000 यूनिट रक्तदान हुआ। यह दिवस संत निरंकारी मिशन के संस्थापक युगदृष्टा बाबा गुरबचन सिंह जी और उनके शिष्यों की समर्पण और सेवा भावना को सम्मानित करने का दिन है। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए, संत निरंकारी मिशन आज भी रक्तदान और समाज सेवा को अपने आध्यात्मिक मिशन का अभिन्न हिस्सा मानता है।

## भारत के सैन्य अधिकारी, नेतृत्व आतंकवाद का मुकाबला करने तैयार

**❑ पहलगाम में हिंदुओं पर हुए आतंकी हमले के प्रतिवाद में एस्प्लेनेड में कैंडल लाइट अभियान**

**कोलकाता :** लायन्स इंटरनेशनल जिला 322 बी1 एवम् कन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशन के सदस्यों ने एस्प्लेनेड में कैंडल लाइट अभियान से जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हिंदुओं पर हुए आतंकी हमले की भर्त्सना करते हुए कहा यह एक अमानवीय घटना है। लायन बंधुओं ने निर्दोष लोगों की जान जाने पर गहरा दुःख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। अमानवीय घटना के दोषी आतंकवादियों को कड़ी सजा देने का केंद्र सरकार से निवेदन करते हुए सल-ोनी साल्वी (डी जी) ने कहा पहलगाम में निर्दोष हिंदुओं की आत्मा की शांति के लिये एस्प्लेनेड में कैंडल लाइट का आयोजन किया गया है। भारत एवम्




देश के नागरिकों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता प्रमुख उद्देश्य है । आतंकवादी, अमानवीय घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर वायु सेना पदक से अलंकृत विंग कमांडर डी जे क्लेर, लायन्स इंटरनेशनल के विजय जोधानी, सलोनी साल्वी, मंजू चमड़िया, प्रमिल रूंगटा, प्रदीप नैयर, सुभाष मुरारका, सूरज बागला, रश्मि बागला, बाबूलाल बंका, लायन, लियो बन्धु तथा कन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील पोद्दार, सचिव सी के वर्धराजन, अर्जुन धवन, गगन सचदेव एवम् सदस्य उपस्थित रहे। विंग कमांडर डी जे क्लेर ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। डी जे क्लेर ने कहा राजनीति से ऊपर उठ कर राष्ट्र हित में भारत में सर्वदलीय सहमति बना कर आतंकवाद का मुकाबला करना होगा। भारत के सैन्य अधिकारी, नेतृत्व आतंकवाद का मुकाबला करने तैयार हैं। डी जे क्लेर ने कहा पड़ोसी देशों से घुसपैठ पर नियंत्रण के लिये सरकार को कार्यवाही करनी चाहिये। यह बहुत दुःखद घटना है। कैंडल लाइट अभियान में शामिल सतनाम सिंह अहलूवालिया, लायन मोहनलाल अग्रवाल, दिनेश जैन गंगवाल, प्रज्ञा झुनझुनवाला, महावीर जैन, मोहम्मद कासिम, पवन डागा, प्रदीप लुहारीवाला सहित सैकड़ों नागरिकों के हाथों में बैनर व प्लेकार्ड थे, जिन पर पाकिस्तान से कड़ाई से निपटने और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना के शब्द लिखे गये थे। संगठनों ने सरकार से इस अमानवीय कृत्य का मुंहतोड़ जवाब देने का निवेदन किया।

# हावड़ा के जगतबल्लभपुर में कृषि सहकारी चुनाव में तृणमूल-सीपीएम के बीच हाथापाई, तनाव बढ़ा

## बड़ी संख्या में पुलिस और रैफ ने इलाके में पहुंचकर स्थिति को काबू में किया

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के जगतबल्लभपुर में कृषि सहकारी चुनाव को लेकर तीव्र तनाव देखने को मिला। तृणमूल कांग्रेस और सीपीएम के कार्यकर्ताओं के बीच कई बार विवाद और हाथापाई हुई, जिससे स्थिति और अधिक बिगड़ गई। सीपीएम ने आरोप लगाया कि शासक दल ने सत्ता का दुरुपयोग कर वोटों की लूट की, जबकि तृणमूल ने सीपीएम पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि वह चुनाव में गड़बड़ी कर रहे हैं। रविवार को जगतबल्लभपुर के एकब्बरपुर गोविंद पांजा हाई स्कूल और लस्करपुर प्राथमिक विद्यालय में सहकारी चुनाव हो रहे थे। जानकारी के



अनुसार, इलाके में पहले से ही चुनाव को लेकर दबे हुए तनाव का माहौल था, जो रविवार की सुबह और बढ़ गया। विभिन्न स्थानों पर भीड़ जुटने लगी, और बाद में गोविंद पांजा हाई स्कूल और लस्करपुर प्राथमिक विद्यालय के बूथों पर तनाव की स्थिति बन गई। सीपीएम का आरोप था कि तृणमूल ने उनके एजेंटों को बूथ से बाहर कर दिया, जबकि तृणमूल ने पलटवार करते हुए कहा कि सीपीएम के कार्यकर्ताओं ने बैलेट बॉक्स को फेंक दिया। स्थिति बिगड़ने के बाद, तृणमूल और सीपीएम कार्यकर्ताओं के बीच सड़क पर हाथापाई की सूचना मिली। एक सीपीएम उम्मीदवार को मतदान केंद्र से बाहर करने के आरोप को लेकर विवाद और भी तूल पकड़ गया। तृणमूल ने दावा किया कि नियम के अनुसार, केवल एक पोलिंग एजेंट या उम्मीदवार को बूथ पर रहना चाहिए था, लेकिन दोनों मौजूद थे इसलिए एजेंट को छोड़कर उम्मीदवार को बाहर जाने के लिए कहा गया। हालांकि, सीपीएम ने आरोप लगाया कि उन्हें जानबूझकर बाहर कर दिया गया। तृणमूल ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि उस उम्मीदवार की बेटी ने बूथ के अंदर अराजकता फैलाई और टेबल पलटकर तनाव पैदा किया। चुनाव के दौरान सुरक्षा के लिहाज से पहले से पुलिस की तैनाती की गई थी। इसके बाद और भी पुलिसकर्मी और रैफ टीम इलाके में पहुंची। स्थिति को कुछ समय बाद काबू में किया गया, हालांकि चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक इलाके में तनाव बरकरार था। इस सहकारी समिति के कुल 27 सीटों में से चार सीटों पर तृणमूल पहले ही बिना मुकाबले जीत चुका था, जबकि बाकी 23 सीटों पर तृणमूल और बामपंथियों के बीच मुकाबला जारी था।

# बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार साव के परिजनों से मिले बीएसएफ अधिकारी, जल्द रिहाई की जताई उम्मीद

**हुगली, समाज्ञा :** रिसड़ा निवासी और बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार साव, जिन्हें हाल ही में पाकिस्तान रेंजरों द्वारा हिरासत में लिया गया था, को लेकर उनके परिवार की चिंता अब कुछ हद तक कम हुई है। रविवार को बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी उनके घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। अधिकारियों ने जवान की रिहाई को लेकर परिवार को आश्वस्त किया और बताया कि भारत सरकार व सुरक्षा एजेंसियां पूर्णम को सकुशल स्वदेश वापस लाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही हैं। परिवार को भरोसा दिलाया गया कि जल्द ही अच्छी खबर मिल सकती है। जवान की गर्भवती पत्नी रजनी साव ने बताया कि वे सोमवार को विमान से चंडीगढ़ होते हुए पठानकोट रवाना होंगे, जहां से मामले से जुड़ी आगे की जानकारी मिलने की उम्मीद है। पिता भोल-नाथ साव ने कहा कि बीएसएफ के अधिकारीयों ने उन्हें उम्मीद की किरण दिखाई है। सुरक्षा एजेंसियां



और सरकार भरसक प्रयास कर रही है। हालांकि उन्होंने अपने पठानकोट जाने के विषय में मीडिया कोई जानकारी नहीं दी। उन्होंने बीएसएफ अधिकारियों की मुलाकात को एक सकारात्मक संकेत बताया और कहा कि इससे उन्हें उम्मीद की नई किरण मिली है। सरकार और सुरक्षाबलों की तत्परता से यह उम्मीद की जा रही है कि पूर्णम कुमार साव को जल्द ही सुरक्षित भारत लाया जाएगा। पूर्णम कुमार साव की गर्भवती पत्नी पूर्णम को लेकर बेहद चिंतित है। वह अपने गर्भ में पल रहे बच्चे से अधिक पति के वापस लौटने की भगवान से मन्नत मांग रही है।

### कूचबिहार में सेना का मोर्टार शेल बरामद, इलाके में दहशत

**कूचबिहार :** सेना का मोर्टार शेल मिलने से इलाके में दहशत फैल गई है। घटना रविवार की सुबह मेखलीगंज के वोटबाड़ी में हेलापाकारी मोड़ संलग्न इलाके की है। बताया जा रहा है कि इस दिन, सुबह में इलाके में पत्थरों के हटाते समय स्थानीय लोगों को सेना का मोर्टार शेल मिला। इसके बाद पत्थर के ढेर के प्रबंधक ने मामले की सूचना पुलिस प्रशासन को दी। इस बीच खबर फैलते ही लोग दहशत में आ गए। जबकि कई लोग देखने के लिए इकट्ठा होने लगे। प्रबंधक इश्क अली ने कहा कि यह पत्थर तोतलाबारी से लाया गया था। शायद पत्थर के साथ मोर्टार शेल भी वहीं से आया होगा। इधर, मोर्टार शेल बरामद होने की खबर मिलते ही सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारी मौके पर पहुंचे और अपने कब्जे में लिया।

# पूर्व रेलवे के महेशमारा हॉल्ट स्टेशन का शिलान्यास, क्षेत्रीय विकास को मिलेगी नई दिशा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आसनसोल डिवीजन में स्थित महेशमारा हाल्ट स्टेशन के लिए रविवार को शिलान्यास किया गया। यह शिलान्यास सांसद निशिकांत दुबे ने किया। जिसमें आसनसोल के डिवीजनल रेलवे मैनेजर चेतना नंद सिंह और अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी भी मौजूद थे। यह स्टेशन क्षेत्र की लंबी प्रतीक्षित मांग को पूरा करने के रूप में देखा जा रहा है।

महेशमारा हॉल्ट स्टेशन, जो देवघर और मोहनपुर स्टेशनों के बीच स्थित होगा। यह लगभग 1.86 करोड़ की अनुमानित लागत से बनेगा। इस स्टेशन के चालू होने के बाद, दुमका और गोड्डा की दिशा में जाने वाली सभी ट्रेनें इस स्टेशन पर रुकेंगी, जिससे यात्रियों के लिए यात्रा के अधिक विकल्प उपलब्ध होंगे। इस स्टेशन का लाभ महेशमारा और आस-पास के गांवों जैसे बैजनाथपुर, बंधा, कुंडा, कर्नीबाद, बिलासी और झाउसागाड़ी को मिलेगा। इसके अलावा, थाडी, आमगाछी, विशनपुर, बांदा और सिंगरडिह जैसे अन्य नजदीकी गांवों के लोग भी इसका लाभ उठा सकेंगे।

स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए, यह स्टेशन क्षेत्र के लोगों को नजदीकी रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगा, जिससे उन्हें दूर-



दराज के स्टेशनों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यह रेलवे परियोजना केवल यात्री सुविधाओं को ही बढ़ावा नहीं देगी, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक विकास को भी प्रोत्साहित करेगी। इसके अलावा, इस परियोजना से मालवाहन के संचालन में भी सुधार होगा, जिससे क्षेत्रीय विकास को एक नई दिशा मिलेगी। इस शिलान्यास समारोह में स्थानीय निवासियों, जनप्रतिनिधियों और रेलवे अधिकारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी गई, जो परियोजना के प्रति व्यापक समर्थन और पूर्वी रेलवे द्वारा की जा रही इस अवसंरचनात्मक प्रगति को सराह रहे थे।

# पासपोर्ट के लिए फर्जी प्रमाण पत्र देने के आरोप में एक महिला समेत दो गिरफ्तार

**बर्दवान :** पासपोर्ट प्राप्त करने के लिए फर्जी प्रमाण पत्र देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, गत शनिवार को पुलिस ने पासपोर्ट के लिए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जमा करने के आरोप में भतार थाना क्षेत्र से एक महिला को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के बाद पुलिस ने रविवार को एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम शेख हसनत ज़मान है। वह भतार थाना अंतर्गत पटना गांव का निवासी है। इस दिन, गिरफ्तार शेख हसनत जमान को बर्दवान अदालत में पेश किया गया। पुलिस व न्यायालय सूत्रों के अनुसार, भतार थाना क्षेत्र की एक महिला ने कुछ माह पहले पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था। उसने अन्य दस्तावेजों के साथ अपना जन्म प्रमाण पत्र भी जमा कराया था। प्रस्तुत दस्तावेजों को




सत्यापन के लिए भतार स्थित डीआईबी कार्यालय भेजा गया। दस्तावेजों की जांच के दौरान जन्म प्रमाण पत्र संदिग्ध पाया गया और महिला को सत्यापन के लिए बर्दवान डीआईबी कार्यालय बुलाया गया। जब प्रमाण पत्र को सत्यापन के लिए बर्दवान मेडिकल कॉलेज एवं अस्प-ताल भेजा गया तो उन्होंने बताया कि यह फर्जी है। इसके बाद, खुफिया विभाग की ओर से भतार थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। घटना की जांच के बाद शनिवार को महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही, फर्जी प्रमाण पत्र भी जब्त कर लिया गया। शनिवार को जब उसे बर्दवान अदालत में पेश किया गया तो अदालत ने उन्हें इस शर्त पर जमानत दे दी कि वह सप्ताह में एक बार जांच अधिकारी के समक्ष उप-स्थित होंगी और सबूत नष्ट नहीं करेंगी। इसके बाद, शेख हसनत जमान को महिला का फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने के आरोप में रविवार को भतार पुलिस स्टेशन के अंतर्गत पटना गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति को रविवार को बर्दवान अदालत में पेश किया गया, जहां से पांच दिन की पुलिस हिरासत मांगी गई, ताकि पता लगाया जा सके कि फर्जी जन्म प्रमाण पत्र कैसे बनाया गया और क्या इस गिरोह में कोई और भी शामिल है। अदालत ने गिरफ्तार व्यक्ति को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

# मध्यस्थता बैठक में पति के पेट में चाकू घोंपकर हत्या की कोशिश, पत्नी और सास गिरफ्तार

**बर्दवान :** वैवाहिक समस्या सुलझाने के लिए बुलाई गई मध्यस्थता बैठक में पत्नी पर अपने पति के पेट में चाकू घोंपकर उसकी हत्या करने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। यह भयावह घटना बर्दवान के देवनदिघी थाना क्षेत्र में घटी। इस घटना से इलाके में तीव्र उत्तेजना फैल गई। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घायल युवक का नाम शेख रॉकी है। वह पश्चिमपाड़ा इलाके का निवासी है। रॉकी एक स्थानीय निजी अस्पताल में एम्बुलेंस चालक है। बताया गया है कि करीब एक साल पहले शेख रॉकी की शादी लाभपुर निवासी जोनाकी खातून से हुई थी। रॉकी के परिवार का आरोप है कि शादी के बाद से ही जोनाकी कई तरह की मांगें करके परेशानी खड़ी करती रहती



थी। पैसों को लेकर भी रॉकी के परिवार के साथ उसकी अक्सर समस्या रहती थी। इसके बाद, पति-पत्नी परिवार से अलग रहने लगे। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि जोनाकी रॉकी को जबरन अलग घर में रहने के लिए मजबूर कर दिया। उनका दावा है कि अगल घर में रहने के बावजूद अक्सर दोनों के बीच विवाद होता रहता था। इस बीच, रॉकी दुर्घटना का शिकार हो गया। कथित तौर पर, झगड़े के बाद उसकी पत्नी उसे बीमार छोड़कर उसके पिता के घर चली गई। वहां से जोनाकी ने तलाक और भरण-पोषण के रूप में 12 लाख रुपए की मांग शुरू कर दी। इस समस्या के समाधान के लिए गांव में मध्यस्थता बैठक आयोजित की गई। बैठक में रॉकी और उसकी मां, जोनाकी की मां और एक मौसा मौजूद थे। रॉकी ने कहा कि वह सात लाख रुपए दे सकता है। इस फैसले के बाद आरोपी जोनाकी ने अचानक अपने बैग से चाकू निकाला और रॉकी के पेट में घोंप दिया। लहूलुहान हालत में उसे बर्दवान अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां गंभीर हालत में उसका इलाज चल रहा है। इस बीच, स्थानीय लोगों ने जोनाकी और उसकी मां को हिरासत में ले लिया। खबर देवनदिघी पुलिस थाने तक पहुंची। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

# चुचुड़ा में नाबालिग से यौन उत्पीड़न का आरोप, आरोपी की जमकर पिटाई

**हुगली, समाज्ञा :** नाबालिग को झाड़ियों में घसीटकर यौन उत्पीड़न का आरोप मिलने पर आरोपी युवक की लकड़ी के डंडे से पिटाई की गई। यह घटना हुगली में घटी। पीड़ित परिवार का दावा है कि वे काफी समय से अपनी बेटी की तलाश कर रहे थे, लेकिन वह नहीं मिल सकी। इसके बाद, नाबालिग की बहन ने अपनी दादी को बताया कि उसकी बहन मिल गई है। परिवार का दावा है कि रविवार की सुबह करीब 10.30 बजे आरोपी युवक पीड़िता को गलत इरादे से झाड़ियों में ले गया। इसके बाद, उसने कथित तौर पर उसका यौन उत्पीड़न किया। बाद में, जब मामला उजागर हुआ तो स्थानीय निवासियों ने आरोपी को एक गैराज में बांध दिया। स्थानीय लोगों ने उसे लकड़ी के डंडों से पीटा। सूचना मिलने पर चुचुड़ा थाना



पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी की छुड़ाया। पीड़िता को उपचार के लिए चुचुड़ा इमामबाड़ा जिला अस्पताल ले जाया गया। क्षेत्रवासियों का दावा है कि आरोपी युवक शनिवार की रात नशे में था। हालांकि, उन्होंने नाबालिग के यौन शोषण के आरोप से इनकार किया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह शराब और गांजा का सेवन करता है। आरोपी पड़ोस के कई घरों में भी जाता है। हालांकि, इस तरह के आरोप पहले कभी नहीं सुने गए। पुलिस ने पूरी घटना की जांच शुरू कर दी है।

# पश्चिम बंगाल तैलिक साहू सभा ने आतंकवाद के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल तैलिक साहू सभा द्वारा 22 अप्रैल को पुलवामा आतंकवादी हमले के खिलाफ एक विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस प्रदर्शन में सभा के पदाधिकारियों, सदस्यगण, युवा मंच और महिला मंच ने भाग लिया। प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाना और राज्य व केंद्र सरकार से आतंकवाद की जड़ से सफाया करने की अपील करना था। प्रदर्शनकारियों ने पुलवामा हमले में निर्दोष 27 हिंदू पर्यटकों की हत्या की निंदा की, जिन्होंने अपनी हिंदू पहचान के कारण अपनी जान गंवाई। इस मौके पर साहू परिवार ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, इन मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा और काली पट्टी बांधकर देशबंधु पार्क से श्याम बाजार होते हुए शोभा बाजार पश्चिम बंगाल कार्यालय तक रैली निकाली।

रैली में आतंकवादी हटाओ, देश बचाओ और पूरे भारतवासी एक होकर बटेंगे तो कटेंगे। अब समय आ गया है, जागो हिंदू परिवार, अभी नहीं तो कभी नहीं! जैसे नारे गूंजे। इस अवसर पर समाज के विभिन्न संगठनों ने एकता का प्रतीक दिखाते हुए मिलकर आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत संदेश दिया। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से शामिल होने वाले संगठन साल्ट लेक. तपस्या तिलजला, कलकत्ता, मध्य कलकाता, भवानीपुर साहू विकास संघ, हावड़ा, भारतीय दक्षिण दाढ़ी साहू विकास संघ, थापा साहू समाज



और अन्य कई संस्थाएं शामिल थी।

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष रूपचंद बाबू, भगवान बाबू, मिश्रीलाल बाबू, जगदीश बाबू, अजय बाबू, शिव शंकर बाबू, राजनीति अध्यक्ष दुर्गा बाबू, और नारी शक्ति की प्रतिनिधि कंचन जी, उमा जी, रीता जी, और युवा शक्ति के सदस्य राजकुमार जी, उमा जी, पिंटू जी, और चंदन जी ने किया। इतनी गर्मी में हजारों की संख्या में लोग एकत्र हुए और आतंकवाद के खिलाफ अपना विरोध व्यक्त किया, जिससे यह कार्यक्रम एकता और शांति का प्रतीक बन गया। संगठन सचिव देवनाथ प्रसाद साव ने इस अवसर पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, आपका सदा आभारी रहेगा। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल सभी को कोटि-कोटि नमन। भूल-चूक माफ कीजिए।

# आरामबाग में कालबैशाखी में वृद्धा की मौत, दो घायल

हुगली, समाज्ञा

शनिवार को आए तूफान में एक बुजुर्ग महिला की जान चली गई। आरामबाग के हरिनखोला नंबर 2 ग्राम पंचायत के नथासन गांव में मकान गिरने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मृतका का नाम कमला चतिम (81) है। उनके दो बेटे अमित और तोता धावत घायल हो गए। इस बीच, अमित की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे पहले ही बर्दवान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है। इस घटना से परिवार पर दुख का साया छा गया है। शनिवार की शाम को शुरू हुए तूफान और बारा ने क्षेत्र में विनाशकारी ले लिया। कई घर विधस्त हो गए। कई पेड़ गिर गये। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, आपदा के समय कमला देवी घर पर ही थीं। लेकिन घर की हालत अच्छी नहीं



थी। माहौल बिगड़ता देख उसके दोनों बेटे अपनी मां को घर से बाहर निकालने गए। लेकिन तभी मकान जोर से ढह गया। मां और दोनों बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाया और आरामबाग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में गए। हरिनखोला ग्राम पंचायत के मुखिया पार्थ हकारी वहां गए। डॉक्टरों कमला देवी को मृत घोषित कर दिया। उनके बेटे अमित चलिम की हालत गंभीर होने के कारण उसे बर्दवान मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। दूसरे बेटे तोता चटिम का आरामबाग मेडिकल में इलाज चल रहा है।

# 'संकल्प : पढ़ेगा समाज, बढ़ेगा समाज' के तहत परीक्षार्थियों के लिए आवास व भोजन की व्यवस्था



**हावड़ा, समाज्ञा :** 'संकल्प : पढ़ेगा समाज, बढ़ेगा समाज' के प्रयास से हर साल की तरह इस वर्ष भी 27 अप्रैल को वेस्ट बंगाल मेडिकल, फार्मेसी अरब इंजीनियरिंग के प्रवेश परीक्षा हेतु बिहार और झारखंड से आए परीक्षार्थियों के रहने और खाने का इंतजाम किया गया। यह व्यवस्था हावड़ा रेलवे स्टेशन के समीप गंगेश्वर महादेव सेवा ट्रस्ट के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी प्रकाश पांडे और इनकम टैक्स के वरिष्ठ अधिकारी मुरारी जी आए और छात्रों के साथ रात्रि का भोजन भी किया। इस आयोजन में भूमंत्र संस्था के सदस्यों का भी अहम योगदान रहा।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में जन आक्रोश, कैंडल मार्च का आयोजन

**हुगली, समाज्ञा :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के रिसड़ा में भारी जन आक्रोश देखने को मिला। शहीद पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा के नेतृत्व में एक विशाल कैंडल मार्च निकाला गया। इस कैंडल मार्च में नगरपालिका के वाइस चेयरमैन जाहिद हसन खान, पार्षद सुख सागर मिश्रा, संध्या दास, प्रदीप राजभर, पार्थ सारथी गुप्ता, प्रकाश साह सहित कई अन्य पार्षद और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली के दौरान सभी ने एक स्वर में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की निंदा करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। चेयरमैन विजय सागर मिश्रा



ने कहा कि जिस प्रकार निहत्थे पर्यटकों की हत्या की गई है, वह बेहद निंदनीय है। पाकिस्तान को इसका जवाब उसी की भाषा में देना होगा।'

चेयरमैन मिश्रा ने कहा, 'यह हमला सिर्फ पर्यटकों पर नहीं, बल्कि पूरे देश की एकता और शांति पर हमला है। हमें इसका जवाब कठोर और स्पष्ट रूप में देना होगा।' नगरवासियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और देश की एकता, अखंडता के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की।

# पूर्व रेलवे ने लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने सभी सड़क उपयोगकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे लेवल क्रॉसिंग गेट्स के पास अत्यधिक सतर्कता बरतें और सुरक्षा नियमों का पूरी तरह से पालन करें। हाल ही में, लेवल क्रॉसिंग पर कई सुरक्षा उल्लंघन देखने को मिले हैं, जिनमें सड़क वाहनों का जबरन गेट पार करना और गेट को नुकसान पहुँचाना शामिल है। रेलवे ने यह पाया है कि कई वाहन चालक लेवल क्रॉसिंग के पास लापरवाही से गाड़ी चला रहे हैं, गेट बूम के बंद होने के संकेतों की अनदेखी कर रहे हैं और कई मामलों में गेट से टकरा भी रहे हैं। ऐसी लापरवाह हरकतें न केवल उल्लंघनकर्ताओं और अन्य लोगों की जान को खतरे में डालती हैं, बल्कि इससे रेल और सड़क यातायात में भी भारी अवरोध उत्पन्न होता है। गेट बैरियर और संबंधित संरचना को नुकसान पहुंचने से ट्रेन के समय में देरी होती है और हजारों यात्रियों को असुविधा होती है।

रेलवे अधिनियम की धारा 160 के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति लेवल क्रॉसिंग पर बंद गेट, चेन या बैरियर को खोलता है या तोड़ता है, तो उसे क्रमशः तीन से लेकर पांच साल तक की सजा हो सकती है। अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक, रेलवे अधिनियम की धारा 160(2) के तहत लेवल क्रॉसिंग गेट्स को तोड़ने या नुकसान पहुँचाने के 505 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 413 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पूर्व रेलवे ने सभी सड़क उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए लेवल क्रॉसिंग पर यह सुनिश्चित करें कि वे गेट बंद होने के समय सुरक्षित दूरी पर रुकें, आगामी ट्रेनों के लिए सतर्क रहें और किसी भी स्थिति में गेट के बंद होने या बंद होने की प्रक्रिया में ट्रैक को पार करने का प्रयास न करें। रेलवे समय-समय पर सड़क उपयोगकर्ताओं को लेवल क्रॉसिंग के नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए अभियान चलाता रहा है और सभी से आग्रह करता है कि वे कानूनी पालन के साथ-साथ सड़क और रेल पर हर जीवन की सुरक्षा के लिए सुरक्षा नियमों का पालन करें।

# पंचवटी कॉम्प्लेक्स में रक्तदान शिविर आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** लायंस क्लब ऑफ कोलकाता पंचवटी और लायंस क्लब ऑफ कलकत्ता प्रगति के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। पंचवटी कॉम्प्लेक्स में, जिसमें 50 लोगों ने रक्त दिया, उसमें डीजी इलेक्ट लायन स्वाति गोस्वामी, कैबिनेट सेक्रेटरी इलेक्टेड लायन मनमोहन बागरी, विनोद सुल्तानिया सम्मिलित हुए। कार्यक्रम सफल करने में लायन संजय अग्रवाल, लायंस संजीव शर्मा, लायंस देवकांत महावार, लायंस प्रमोद बागरिया, लायंस श्याम सुंदर सराफ, लायन संदीप करेल, लायंस अनिल चौधरी, लायंस अभिषेक गोयनका, लायन पंकज अग्रवाल, लायन सुमित बंसल, लायन मोहित अग्रवाल, लायन मोहित जैन, लायन रवि लोहिया, लायन सिद्धार्थ सिंघल, लायन अनिल बालोटिया, लायन मंगक जैन, लायन संजय भारुका, लायन सुनील चौधरी, सतनारायण कालानी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# हावड़ा डिवीजन की शताब्दी: स्टीम इंजन से विद्युत ट्रैक्शन तक के ऐतिहासिक संक्रमण का सफर

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन 2025 में अपनी शताब्दी मना रहा है। भारतीय रेलवे के इतिहास में स्टीम इंजन से विद्युत ट्रैक्शन तक के संक्रमण को एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानता है। यह विकास कोलकाता शहर की वृद्धि से प्रेरित था, जो औद्योगिकीकरण, कोयला और खनिज बेल्ट्स के पास होने और प्रभावी परिवहन साधनों के कारण हुआ। कोलकाता के बढ़ते उपनगरों और शहर में यातायात की भीड़ ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भाप इंजन वाली उपनगरीय ट्रेनें अपनी सीमा तक पहुंच चुकी थीं। 1954 में रेलवे बोर्ड ने 3 हजार वी डीसी ट्रैक्शन सिस्टम के विद्युतीकरण की स्वीकृति दी, लेकिन वैश्विक रेलवे प्रौद्योगिकी में हुए बदलावों के बाद, भारत ने 25 केवी एसी प्रणाली को अपनाया,



जो लंबी दूरी के संचालन के लिए अधिक उपयुक्त थी। प्रारंभिक दिनों में, हावड़ा में स्टीम इंजन जैसे 'फेरी क्वीन' प्रमुख थे। हालांकि, 20वीं शताबदी के मध्य तक शहर की बढ़ती जनसंख्या और परिवहन की मांग के कारण भाप इंजन से विद्युत ट्रैक्शन में बदलाव हुआ। यह परिवर्तन हावड़ा डिवीजन को एक आधुनिक, कुशल परिवहन केंद्र में बदलने का कारण बना, जिसने रेलवे संचालन को बेहतर बनाया, वायु प्रदूषण को घटाया और भीड़ को कम किया। आज, हावड़ा डिवीजन विद्युत ट्रेनों के माध्यम से अपनी उपनगरीय और लंबी दूरी की सेवाओं की रीढ़ बना हुआ है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### रांची के बाजार में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत

**रांची :** रांची के एक बाजार परिसर में रविवार को एक दुकान में आग लगने से 59 वर्षीय एक व्यक्ति की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह बाजार परिसर लोअर बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत कांटाटोली चौक के पास है। लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद ने बताया, सुबह बाजार परिसर की एक दुकान में आग लग गई, जो संभवतः शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। दुकान से निकला धुआं दुकान के ऊपर बने आवासीय क्षेत्र तक पहुंच गया और दम घुटने से व्यक्ति की मौत हो गई।

### राजस्थान: जीप में आग लगने से चालक की मौत

**सीकर(राजस्थान) :** सीकर जिले के फतेहपुर सदर थाना क्षेत्र में रविवार को एक जीप में आग लगने से चालक की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस सहायक उपनिरीक्षक सोहनलाल ने बताया कि मृतक की पहचान बागड़ोदा गांव नटवर सिंह राजपूत के रूप में की गई है।उन्होंने बताया कि मृतक निर्माण संबंधी कार्य का ठेकेदार था और हादसे के समय गाड़ी ठीक करवाने के लिए मंडावा जा रहा था।सोहनलाल ने बताया कि बलोद भाखरां के पास उनकी जीप कच्चे रास्ते में फंस गई। स्थानीय युवकों की मदद से गाड़ी निकालने के दौरान अचानक उसमें आग लग गई।सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल कर्मी ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।उन्होने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### श्रावस्ती जिले में अवैध रूप से संचालित 10 मदरसों को प्रशासन ने बंद कराया

**श्रावस्ती (उप्र) :** श्रावस्ती जिले में प्रशासन ने कथित तौर पर अवैध रूप से संचालित 10 मदरसों को बंद करा दिया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी देवेंद्र राम ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया,'श्रावस्ती में कुल 297 मदरसे हैं, जिनमें 192 गैर मान्यता प्राप्त हैं। शनिवार को नेपाल सीमा की 15 किलोमीटर परिधि में भारतीय क्षेत्र में 10 मदरसों को बंद कराया गया। इनमें कई तरह की अनियमितताएं पाई गई हैं।' उन्होंने कहा, ''इनमें से अधिकांश चोरी छिपे संचालित किए जा रहे थे, कुछ अवैध तौर पर किराए के मकानों या घरों में और कुछ अर्धनिर्मित भवनों में संचालित किए जा रहे थे।' जिलाधिकारी कार्यालय (सूचना विभाग द्वारा) से जारी अधिकारिक बयान के अनुसार शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जिले में अवैध एवं बिना मान्यता के संचालित मदरसों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### उप्र : व्यक्ति की गला रेतकर हत्या

**मुजफ्फरनगर (उप्र) :** शामली जिले के आदर्श मंडी क्षेत्र में एक व्यक्ति की गला रेतकर हत्या कर दी गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि आदर्श मंडी थाना क्षेत्र के नगली गांव में शनिवार देर रात 45 वर्षीय एक व्यक्ति की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मनोज के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। सिंह के मुताबिक पुलिस ने बबलू और भूपेंद्र नामक लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है, लेकिन दोनों आरोपी फरार हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मनोज के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार वह दो युवकों के साथ पास के एक ट्यूबवेल परिसर में गया था, जहां उसकी गला रेतकर हत्या कर दी गई।

### प्रशांत किशोर नीतीश के पैतृक गांव से बिहार सरकार के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे

**पटना :** जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने रविवार को घोषणा की कि बिहार में नीतीश कुमार सरकार के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान अगले महीने मुख्यमंत्री के पैतृक गांव से शुरू किया जाएगा। प्रशांत किशोर ने यह घोषणा नालंदा जिले के हरनौत विधानसभा क्षेत्र में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की। इस विधानसभा क्षेत्र से जनता दल (यूनाइटेड) अध्यक्ष नीतीश कुमार ने 1980 के दशक में अपना राजनीतिक करियर शुरू किया था। किशोर ने कहा, 'हम अक्सर सुनते हैं कि भले ही नीतीश कुमार ने राज्य के लिए बहुत कुछ नहीं किया हो, लेकिन उन्होंने अपने गृह जिले में विकास किया है। इस मिथक को तोड़ने के लिए हमने 11 मई को कल्याण बिगहा से अपना हस्ताक्षर अभियान शुरू करने का फैसला किया है।'

# मुख्यमंत्री योगी ने हरदोई, शाहजहांपुर और हापुड़ में गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य का हरदोई, शाहजहांपुर और हापुड़ जिलों में निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उच्च गुणवत्ता के साथ ही तय समयसीमा में गंगा एक्सप्रेसवे बनकर तैयार होना चाहिए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री रविवार को हरदोई जिले के बिलग्राम में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ आबकारी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने हरदोई के बाद शाहजहांपुर (जलालाबाद) और हापुड़ (गढ़मुक्तेश्वर) में भी मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने रविवार को निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे का दौरा किया और यूपीडा व निर्माण में जुटी एजेंसियों को उच्च गुणवत्ता के साथ समयसीमा में एक्सप्रेसवे को तैयार करने के निर्देश दिए। यूपीडा के एक अधिकारी ने



बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे चार समूहों में बन रहा है। तीन ग्रुप (2,3,4) को अडानी बना रहा है और एक ग्रुप को आईआरबी कंपनी द्वारा पीपीपी मॉडल पर बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेसवे पर ग्रुप-1 और ग्रुप-2 के तहत हो रहे निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष जताया, जबकि ग्रुप-3 और ग्रुप-4 के तहत चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं एक्सप्रेसवे पर कार से सफर किया और निर्माणकार्य की गुणवत्ता पर खुशी जताई। उन्होंने पहली बार एक्सप्रेसवे में उपयोग में लाई जा रही जर्मन तकनीक को भी विस्तार से समझा। मुख्यमंत्री ने कार्य कर रहे श्रमिकों से भी मुलाकात की और उनके साथ फोटो भी खिंचवाए। इसके बाद मुख्यमंत्री जलालाबाद, शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य को देखने पहुंचे। यहां उन्होंने हवाई सर्वे के माध्यम से कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने 3.5 किमी. लंबी एयरस्ट्रिप का एरियल सर्वे भी किया। इस एयरस्ट्रिप पर 2 और 3 मई को एयरशो का आयोजन किया जाना है। अभी तक किसी भी एयरस्ट्रिप पर नाइट लैंडिंग नहीं की गयी है। गंगा एक्सप्रेसवे पर पहली बार मुख्यमंत्री की मौजूदगी में नाइट लैंडिंग कराए जाने की योजना है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा बनाया जा रहा गंगा एक्सप्रेसवे प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों को आपस में जोड़ेगा।

### वाराणसी में विमान में बम की धमकी देने वाला कनाडा का नागरिक हिरासत में

**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी हवाई अड्डे पर उस समय हड़कंप मच गया जब बेंगलुरु जाने वाली इंडिगो की उड़ान में सवार एक विदेशी नागरिक ने दावा किया कि उसके पास बम है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात की है और अच्छी तरह से छानबीन के बाद विमान को गंतव्य के लिए रविवार सुबह रवाना किया गया। लालबहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय विमान तल, बाबतपुर के निर्देशक पुनीत गुप्ता ने बताया कि शनिवार रात वाराणसी से बेंगलूरू जा रहे इंडिगो के विमान में सवार एक यात्री ने अपने पास बम होने की सूचना दी जिसके बाद चालक दल ने हवाई यातायात नियंत्रक को इसकी जानकारी दी और चालक दल ने विमान को तुरंत 'आइसोलेशन वे' पर लाकर खड़ा कर दिया। उन्होंने बताया कि हालांकि विमान की जांच करने पर कुछ नहीं मिला और पूरी तरह आश्वस्त होने के बाद विमान ने रविवार सुबह बेंगलूरू के लिए उड़ान भरी। पुलिस ने बताया कि बम की अफवाह फैलाने वाला युवक कनाडा का निवासी है और उसे हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है और मामले में सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं।

## हम एक दूसरे की आस्था का सम्मान करें, भड़काने से बचें : मदन राठौड़



**जयपुर :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जयपुर स्थित जामा मस्जिद में कथित तौर पर नारेबाजी करने और पोस्टर चस्पा करने की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए रविवार को कहा हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं और जहां पर किसी की आस्था है, हम उसका पूरा सम्मान करेंगे और उसकी रक्षा भी करेंगे।हवा महल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कथित तौर पर धार्मिक नारे लगाए थे और आपत्तिजनक पोस्टर चस्पा किये थे। राठौड़ ने संवाददाताओं से कहा कि हर किसी की अपनी आस्था होती है और यह सुनिश्चित करना बहुत महत्वपूर्ण है कि किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे।उन्होंने कहा, 'हमारी अपनी पूजा पद्धति है और दूसरों की अपनी। हमें एक-दूसरे की आस्था का समान रूप से सम्मान करना चाहिए।' भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किसी भी उकसावे के खिलाफ चेतावनी दी और लोगों से उन लोगों से दूर रहने का आग्रह किया जो अशांति पैदा करने का प्रयास करते हैं।उन्होंने कहा, 'अगर कोई उकसाने की कोशिश करता है, तो उसे नजरअंदाज कर दिया जाना चाहिए और सम्मान नहीं दिया जाना चाहिए। इससे यह संदेश जाएगा कि ऐसी हरकतें अस्वीकार्य हैं।'

## सपा सांसद रामजी लाल सुमन के काफिले पर फेंके गये टायर : बाल-बाल बचे

**अलीगढ़/बुलंदशहर (उप्र) :** मेवाड़ के शासक रहे राणा सांगा के खिलाफ टिप्पणी को लेकर निशाने पर आये समाजवादी पार्टी (सपा) के राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन के काफिले पर रविवार को अलीगढ़ और दिल्ली के बीच गभाना टोल बूथ पर करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने कथित रूप से टायर फेंके। इसकी वजह से कई वाहन आपस में टकरा गये। इस घटना में सुमन बाल-बाल बच गये। अधिकारियों ने बताया कि सपा के राज्यसभा सदस्य का काफिला आगरा से बुलंदशहर के सुनहेरा गांव जा रहा था तभी गभाना टोल बूथ पर कुछ प्रदर्शनकारियों ने काफिले पर टायर फेंके जिससे टोल प्लाजा पर धीमी गति से चल रहे कई वाहन आपस में टकरा गये और बड़ी संख्या में मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित किया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर क्षेत्र) एम.एस. पाठक ने बताया, 'सपा राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन को इलाके से सुरक्षित निकाल



लिया गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। कई प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।' टोल बूथ पार करने और बुलंदशहर जिले में प्रवेश करने के बाद पुलिस ने सुमन को आगे बढ़ने से रोक दिया। बुलंदशहर के सुनहेरा गांव में पिछली 21 अप्रैल की रात दो पक्षों के बीच संघर्ष में शीला नामक एक महिला की हत्या कर दी गयी थी। इस घटना में तीन अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सुमन ने संवाददाताओं से कहा कि वह बुलंदशहर के सोहाना गांव जा रहे हैं, जहां से पिछले कुछ दिनों में दलितों के खिलाफ कथित अत्याचार की खबरें सामने आई हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताते हुए सुमन ने कहा, 'राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है और यह तब तक जारी रहेगी जब तक सरकार ऐसे अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का फैसला नहीं करती।'

## शाहजहांपुर में बनी देश की पहली 'नाइट लैंडिंग' हवाई पट्टी, लड़ाकू विमान भी कर सकेंगे अभ्यास

**शाहजहांपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे पर तैयार 3.50 किलोमीटर लंबी आधुनिक हवाई पट्टी का रविवार को निरीक्षण किया। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के मुताबिक, यह देश की पहली ऐसी पट्टी होगी, जहां वायुसेना के लड़ाकू विमान दिन-रात कभी भी उतर सकेंगे तथा लड़ाकू विमान यहां अभ्यास भी कर सकेंगे। इसमें कहा गया है कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से हवाई पट्टी के दोनों किनारों पर करीब 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे जिससे आवागमन सुरक्षित होगा और किसी भी अपराधिक वारदात की आशंका पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कर सकेगी। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने गंगा एक्सप्रेसवे के विस्तार की बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि इसे प्रयागराज से गाजीपुर तक बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि साथ ही मेरठ को हरिद्वार से भी जोड़ा जाएगा और शाहजहांपुर में एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक हब बनाने की योजना है, जिससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में नई जान आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, गंगा एक्सप्रेसवे को फर्रुखाबाद से लिंक एक्सप्रेसवे के जरिए बुंदेलखंड से जोड़ा जाएगा। इससे बुंदेलखंड में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि गंगा एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य नवंबर 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

## पहलगाम हमले के विरोध में राजद के मोमबत्ती जुलूस में 'पाकिस्तान समर्थक' नारे की जांच शुरू



**लखीसराय (बिहार) :** बिहार के लखीसराय जिले में पहलगाम आतंकवादी हमले के विरोध में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) द्वारा आयोजित मोमबत्ती जुलूस में पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए जाने के आरोपों की जांच शुरू की गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार को आयोजित राजद के मोमबत्ती जुलूस का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें कुछ लोग पाकिस्तान समर्थक नारे लगाते नजर आ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो का स्वत: संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा, 'पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में शनिवार को एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं के एक वर्ग द्वारा पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए जाने के आरोपों की जांच शुरू कर दी गई है। जांचकर्ता वीडियो की प्रामाणिकता की जांच कर रहे हैं। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।' राजद के जिला अध्यक्ष कालीचरण दास ने कहा कि यह कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा अनजाने में हुई 'गलती' थी। उन्होंने कहा, 'मैं भी विरोध मार्च का हिस्सा था। पार्टी के हर कार्यकर्ता ने पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए।' जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे।

# सांसद हेमा मालिनी ने मांगा मथुरा के विकास के लिये विशेष आर्थिक पैकेज

**मथुरा (उप्र) :** मथुरा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद हेमा मालिनी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर मथुरा के विकास के लिए सरकार से विशेष आर्थिक पैकेज की मांग की है। हेमा मालिनी ने रविवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि उन्होंने शनिवार को हुई मुलाकात के दौरान अपनी मांगों के सिलसिले में उन्हें एक पत्र भी सौंपा है। बयान के मुताबिक, पत्र में सांसद हेमा मालिनी ने कहा है कि मथुरा भारतीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए आध्यात्मिक आकर्षण का एक प्रमुख केन्द्र है तथा इन पर्यटकों और स्थानीय लोगों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए मथुरा को अयोध्या, वाराणसी, आगरा और प्रयागराज की तरह विशेष पैकेज देने की आवश्यकता है। अभिनेत्री से राजनीतिक नेता बनीं



हेमा मालिनी ने शनिवार को आदित्यनाथ से मुलाकात की और अपने संसदीय क्षेत्र के विकास में विशेष रुचि लेने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बृज तीर्थ विकास परिषद भी कुछ योजनाओं को लागू कर रही है। हेमा मालिनी ने मुख्यमंत्री को दिये गये पत्र में कहा कि मथुरा में पर्यटकों की संख्या आश्चर्यजनक रूप से बढ़ रही है तथा प्रतिदिन यह संख्या शहर की आबादी के दोगुने के बराबर हो जाती है और ऐसे में शहर की मौजूदा सुविधाएं और बुनियादी ढांचा इतनी बड़ी संख्या में लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त हैं, लिहाजा सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए मथुरा को विशेष पैकेज की जरूरत है। पत्र में उन्होंने यातायात जाम, खासकर मथुरा और वृंदावन के बीच यातायात अक्सर बाधित होने की समस्या पर चिंता जताते हुए मथुरा-वृंदावन मार्ग पर यातायात को कम करने के लिए मथुरा वृंदावन रेलवे ट्रैक की जमीन के स्थान पर दो लेन की सड़क और एलिवेटेड रेलवे ट्रैक बनाने का प्रस्ताव रखा। हेमा मालिनी ने कहा, 'इस बारे में मेरी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात हो चुकी है और उन्होंने इस परियोजना के लिए मौखिक सहमति दे दी है।' बयान के मुताबिक, भाजपा सांसद ने मुख्यमंत्री से कहा कि वह रेल मंत्रालय से सड़क निर्माण के लिए जमीन राज्य सरकार को हस्तांतरित करने का अनुरोध करें।

### उप्र : किसानों से अबतक 6.57 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की खरीद की गयी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में मौजूदा गेंहू खरीद सत्र के दौरान विभिन्न सरकारी क्रय केंद्रों पर पिछले 42 दिनों में लगभग 6.57 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गयी है। राज्य सरकार द्वारा रविवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की बड़े पैमाने पर खरीद की जा रही है। इस साल सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बिक्री के लिए पिछले 42 दिनों में चार लाख 20 हजार 837 किसानों ने अपना पंजीकरण कराया है। बयान में कहा गया कि अब तक 1.19 लाख से अधिक किसानों से लगभग 6.57 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। सरकार ने बताया कि इस साल गेहूं खरीद सत्र 17 मार्च को शुरू हुआ था और यह 15 जून तक चलेगा। क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए पेयजल, छाया समेत सभी व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।

## न्यूज अपडेट

### राहुल अमेठी में संजय गांधी अस्पताल में हृदय रोग इकाई का उद्घाटन करेंगे



**अमेठी (उप्र) :** लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आगामी 30 अप्रैल को अमेठी स्थित संजय गांधी अस्पताल में हृदय रोग इकाई का उद्घाटन करेंगे। अमेठी से कांग्रेस के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने बताया कि राहुल 29 अप्रैल को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दौरे पर रहेंगे, जहां वह जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में हिस्सा लेंगे और रायबरेली के भुएमऊ गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। शर्मा ने बताया कि 30 अप्रैल को राहुल अमेठी पहुंचेंगे और मुंशीगंज में स्थापित आर्डिनेंस फैक्टरी का निरीक्षण करेंगे जिसके बाद वह मुंशीगंज में स्थित संजय गांधी अस्पताल में स्थापित हृदय रोग इकाई का उद्घाटन करेंगे और इंदिरा गांधी कॉलेज ऑफ नर्सिंग का निरीक्षण करने के बाद वापस दिल्ली चले जायेंगे। संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट नई दिल्ली से संचालित होता है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी इस ट्रस्ट की अध्यक्ष हैं जबकि राहुल गांधी इसके ट्रस्टी है।

### पाकिस्तान में ब्याही मेरठ की महिला को वाघा सीमा से लौटाया गया

**मेरठ (उप्र) :** पाकिस्तान के एक व्यक्ति के साथ ब्याही और अपने दो बच्चों के साथ 45 दिन के वीजा पर पाकिस्तान से मेरठ जिले के सरधना आयी एक महिला को वाघा सीमा के रास्ते अपनी ससुराल जाने से रोक दिया गया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक मेरठ के सरधना क्षेत्र की निवासी सना और अपने दो बच्चों के साथ 45 दिन के वीजा पर पाकिस्तान से भारत आई थी। वह गत 24 अप्रैल को वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान लौट रही थी, मगर उसे प्रवेश से वंचित कर दिया गया। सना के परिजन ने शनिवार शाम को बताया कि सना के पास भारतीय पासपोर्ट है इसलिए उसे पाकिस्तान में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने सना से कहा कि उसके दोनों बच्चे पाकिस्तान जा सकते थे क्योंकि वे पाकिस्तानी नागरिक हैं लेकिन सना ने बच्चों को अपने बिना भेजने से इनकार कर दिया। सना ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि वीजा अवधि समाप्त होने के कारण उसे भारत छोड़ने के लिए कहा गया था। उन्होंने दिल्ली स्थित पाकिस्तानी दूतावास से वीजा प्रक्रिया पूरी करने के बाद वाघा सीमा से वापस जाने का प्रयास किया।

### राजस्थान: आगामी दिनों में तापमान में हो सकती है दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि

**जयपुर :** राजस्थान में आगामी दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की प्रबल संभावना है। मौसम विभाग के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।प्रवक्ता ने बताया कि जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 44-46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि जोधपुर संभाग में आज से ही लू चल सकती है तथा 28-29 अप्रैल को पश्चिमी राजस्थान में लू चलने तथा रातें गर्म रहने की संभावना है। इसके अलावा, 29-30 अप्रैल को पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर भीषण गर्मी झेलनी पड़ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार मई के प्रथम सप्ताह में आंधी, तूफान व बारिश की गतिविधियों के कारण तापमान में गिरावट आने की प्रबल संभावना है।इसके अनुसार पिछले 24 घंटे में राज्य में कुछ स्थानों पर आंधी व हल्की बारिश हुई तथा श्रीगंगानगर जिले में धूल भरी आंधी चली। वनस्थली (टोंक) और डीडवाना (नागौर) में सबसे अधिक 1.0 मिलीमीटर बारिश हुई।

## राजस्थान : शिक्षक ने परीक्षा के दौरान छात्र से स्कूल में मुर्गा कटवाया, निलंबित

**उदयपुर(राजस्थान) :** उदयपुर जिले के कोटड़ा क्षेत्र में एक सरकारी स्कूल के शिक्षक द्वारा परीक्षा के दौरान नवीं कक्षा के छात्र से मुर्गा कटवाने और उसे साफ करवाने का मामला सामने आया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले में आरोपी शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है।जानकारी के अनुसार विद्यालय के शिक्षक मोहनलाल डोडा ने नवीं कक्षा के छात्र राहुल कुमार पारगी को परीक्षा बीच से उठवाया और दबाव बनाकर मुर्गा कटवाया। घटना की सूचना गांव मे फैलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और इसकी शिकायत मंत्री बाबूलाल खराड़ी से की गई। मंत्री बाबूलाल खराड़ी नें पूरे मामले पर रिपोर्ट मांगी है।अधिकारियों ने बताया कि विद्यालय के अन्य बच्चों ने पिछले एक महीने से स्कूल में पोषाहार नहीं मिलने की भी शिकायत की है। आरोपी शिक्षक द्वारा स्कूल के रसोइयों को भगाने का आरोप लगाया गया है, जिससे बच्चों को भोजन से वंचित रहना पड़ रहा है।मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने तुरंत मामले का संज्ञान लेते हुए कोटड़ा उपखंड अधिकारी को विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।

## जामताड़ा के बंद पड़े थाना भवन को कोचिंग सेंटर, पुस्तकालय में तब्दील किया गया

**रांची :** झारखंड पुलिस ने जामताड़ा जिले में एक बंद पड़े पुलिस थाना भवन को 'हाई-टेक-कोचिंग-सह-मार्गदर्शन केंद्र' और पुस्तकालय में तब्दील कर दिया है, ताकि स्थानीय युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में मदद मिल सके। जामताड़ा जिला साइबर अपराध के लिए कुख्यात है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 'वाई-फाई', 'प्रोजेक्टर' और अन्य सुविधाओं से लैस यह केंद्र राज्य की राजधानी रांची से लगभग 220 किलोमीटर की दूरी पर करमाटांड़ स्थित बंद पड़े पुलिस थाना भवन में खोला गया। जामताड़ा के पुलिस अधीक्षक डॉ. एहतेशाम वकारिब ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, नया पुलिस थाना भवन के निर्माण के बाद करमाटांड़ स्थित पुराना पुलिस थाना भवन बंद पड़ा था। हमने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की मदद के लिए इसे 'वाई-फाई' और 'प्रोजेक्टर' जैसी आधुनिक सुविधाओं के साथ एक 'हाई-टेक-कोचिंग-सह-मार्गदर्शन केंद्र' और पुस्तकालय बनाने का निर्णय लिया।'' उन्होंने दावा किया कि यह पहला पुलिस थाना भवन है जिसे शैक्षणिक केंद्र में परिवर्तित किया गया है। उन्होंने कहा कि समाज सुधारक और महिला शिक्षा के प्रबल समर्थक ईश्वर चंद्र विद्यासागर की कर्मभूमि करमाटांड़, साइबर अपराध से सबसे अधिक प्रभावित ब्लॉक में से एक है।

## इंडिगो की वाराणसी-बेंगलुरु उड़ान में बम की अफवाह, कनाडा का नागरिक हिरासत में लिया गया

**वाराणसी (उप्र) :**वाराणसी हवाई अड्डे पर उस समय हड़कंप मच गया जब बेंगलुरु जाने वाली इंडिगो की उड़ान में सवार एक विदेशी नागरिक ने दावा किया कि उसके पास बम है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना शनिवार रात की है। बम होने का दावा करने वाले कनाडा के नागरिक को हिरासत में ले लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाकर्मी उस व्यक्ति से पूछताछ कर रहे हैं। हवाई अड्डे के निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया कि बम की अफवाह के बाद विमान की गहन जांच की गई, लेकिन कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। गुप्ता ने बताया कि यात्री के दावे के बाद इंडिगो चालक दल ने तुरंत हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) को खतरे की सूचना दी। उन्होंने बताया कि इस घटना के मद्देनजर उड़ान को रोक दिया गया और मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल के मुताबिक विमान की सघन तलाशी ली गई। इस दौरान कोई भी विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। सुरक्षा एजेंसियों से मंजूरी मिलने के बाद विमान रविवार सुबह बेंगलुरु के लिए रवाना हुआ। इस बीच, इंडिगो एयरलाइंस ने एक बयान में कहा,'26 अप्रैल को वाराणसी से बेंगलुरु रवाना होने से पहले उड़ान संख्या 6ई 499 में बम की धमकी मिली थी जिसके कारण उड़ान में देरी हुई। प्रोटोकॉल के अनुसार, विमान को एक 'आइसोलेशन बे' में ले जाया गया, यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतारा गया और सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन किया गया।'

# भारत दुनिया में सबसे किफायती, सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहा है : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पूरी दुनिया में सबसे अधिक किफायती एवं सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहा भारत एक वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति बन गया है और वह भविष्य में नयी ऊंचाइयों को छुएगा। मोदी ने कहा कि कई युवा अंतरिक्ष स्टार्टअप के क्षेत्र में नयी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले केवल एक कंपनी थी लेकिन आज देश में 325 से अधिक अंतरिक्ष स्टार्टअप काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख के. कस्तूरीरंगन को भी श्रद्धांजलि दी। इसरो की करीब एक दशक तक बागडोर संभालने वाले के. कस्तूरीरंगन का शुक्रवार को बेंगलुरु में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। मोदी ने कहा, ''हमने दो दिन पहले देश के महान वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन को खो दिया। मेरी कस्तूरीरंगन जी से जब भी मुलाकात होती थी, हम भारत के युवाओं की प्रतिभा, आधुनिक शिक्षा, अंतरिक्ष विज्ञान जैसे विषयों पर काफी चर्चा करते थे। विज्ञान, शिक्षा और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नयी ऊंचाई देने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके नेतृत्व में इसरो को एक नयी पहचान मिली।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि कस्तूरीरंगन के मार्गदर्शन में जो अंतरिक्ष कार्यक्रम



आगे बढ़े, उनसे भारत के प्रयासों को वैश्विक मान्यता मिली। उन्होंने कहा कि आज भारत जिन उपग्रहों का उपयोग करता है, उनमें से कई डॉ. कस्तूरीरंगन की देखरेख में ही प्रक्षेपित किए गए थे। उन्होंने कहा, ''उनके व्यक्तित्व की एक और बात बहुत खास थी, जिससे युवा-पीढ़ी उनसे सीख सकती है। उन्होंने नवोन्मेष को हमेशा महत्व दिया। कुछ नया सीखने, जानने और नया करने का दृष्टिकोण बहुत प्रेरित करने वाला है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कस्तूरीरंगन ने देश की नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार करने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी।

### प्रधानमंत्री मोदी बृहस्पतिवार को मुंबई में पहले वेव्स शिखर सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को मुंबई में पहले 'विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन' (वेव्स) का उद्घाटन करेंगे। यह चार दिवसीय कार्यक्रम है, जिसमें मीडिया और मनोरंजन जगत के दिग्गज शामिल होंगे। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मीडिया और मनोरंजन जगत की शीर्ष हस्तियों के साथ बातचीत कर सकते हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। इसमें अमिताभ बच्चन, रजनीकांत, मोहनलाल, हेमा मालिनी और चिरंजीवी जैसे शीर्ष अभिनेताओं के भाग लेने की उम्मीद है।

## भारत-पाक तनाव: ब्रिटिश विदेश मंत्री लैमी ने जयशंकर और पाक के उप प्रधानमंत्री डार से की बातचीत

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को अपने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी के साथ जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले के तार 'सीमा पार' से जुड़े होने को लेकर चर्चा की और उन्हें आतंकवाद के प्रति भारत की 'कतई बर्दाश्त नहीं' करने की नीति से अवगत कराया। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच जयशंकर और लैमी ने फोन पर बातचीत की। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। लैमी ने पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार से भी बात की। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ब्रिटिश विदेश मंत्री ने तनाव को कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। पहलगाम में हुए भीषण हमले के पीछे 'सीमा पार संबंधों' का हवाला देते हुए भारत ने इस हमले में शामिल लोगों को कड़ी सजा देने का वादा किया है। लैमी से बातचीत के बाद विदेश मंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, आज ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी से बात की। पहलगाम में सीमा पार से किए गए आतंकवादी हमले पर चर्चा की। आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने के महत्व को रेखांकित किया। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि उप प्रधानमंत्री डार ने लैमी से बात की और ''क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देते हुए अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के प्रति पाकिस्तान के अटूट संकल्प को दो-हराया। डार पाकिस्तान के विदेश मंत्री भी हैं। पाकिस्तान के विदेश विभाग के कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि डार ने लैमी को भारत के 'एकतरफा' कदमों के बारे में बताया, जिसमें सिंधु जल संधि को स्थगित करने का 'अवैध निर्णय' भी शामिल है और कहा कि यह नई दिल्ली की ओर से अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के 'स्पष्ट उल्लंघन' को दर्शाता है। जयशंकर-लैमी की यह फोन वार्ता ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन करके पहलगाम में हुए 'बर्बर' आतंकी हमले की निंदा करने के तीन दिन बाद हुई है। पिछले कुछ दिनों में विश्व के कई नेताओं ने पहलगाम हत्याकांड की निंदा करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी से बात की है। मोदी को फोन करने वाले नेताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी, जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी शामिल हैं। जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्राध्यक्ष मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके, डच प्रधानमंत्री डिक शूफ, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने भी प्रधानमंत्री मोदी से बात की है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### छत्तीसगढ़ के धमतरी में माओवादियों के छिपाकर रखे गए नौ आईईडी जब्त

**धमतरी :** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के एक जंगल में सुर-क्षाकर्मियों ने माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए नौ आईईडी जब्त किए हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। धमतरी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि राज्य पुलिस की दोनों इकाइयों, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) की एक संयुक्त टीम ने शनिवार को खल्लारी पुलिस थाने के अंतर्गत चामेंडा और साल्हेभाट गांवों के जंगल में छिपाकर रखे गए आईईडी का पता लगाया। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय से करीब 100 किलोमीटर दूर जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर यह अभियान शुरू किया गया। अधिकारी ने बताया कि टीम ने जंगल की घेराबंदी करते हुए इसे देखा और तीन कुकर बम, मिल्क पाउडर बॉक्स में रखे तीन आईईडी, दो पाइप बम और एक टिफिन बम, एक वॉकी-टॉकी, दवाइयां, बर्तन, राशन और दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री बरामद की।

### असम, त्रिपुरा और मेघालय के कुछ हिस्से भारत में अवैध घुसपैठ का जरिया बने: प्रद्योत देबबर्मा

**अगरतला :** टिपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) के प्रमुख प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने रविवार को दावा किया कि असम, त्रिपुरा और मेघालय के कुछ हिस्से पूर्वोत्तर और शेष भारत में अवैध घुसपैठ का प्रमुख जरिया बन गए हैं। यह बयान अगरतला रेलवे स्टेशन पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद आया है। देबबर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, ''हर दिन अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ कर रहे हैं। पांच लोग पकड़े जाते हैं, तो 1,000 लोग इलाके और छिद्रपूर्ण सीमा के कारण बच निकलते हैं। त्रिपुरा एक बार फिर जनसांख्यिकीय परिवर्तन से गुजर रहा है। असम, त्रिपुरा और मेघालय के कुछ हिस्से पूर्वोत्तर और शेष भारत में अवैध घुसपैठ के लिए पारगमन बिंदु बन गए हैं।''

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'देशद्रोही टिप्पणियां' करने को लेकर असम में 16 लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि पहलगाम हमले के बाद, ''देशद्र-ोही टिप्पणियां'' करने को लेकर असम में कम से कम 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अब तक कुल 16 असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी की गई है।'' मुख्यमंत्री ने पहले कहा था कि शनिवार शाम तक 14 गिरफ्तारियां की गईं। गिरफ्तार किये गए लोगों में एआईयूडीएफ विधायक अमीनुल इस्लाम भी शामिल हैं। शर्मा ने शनिवार को कहा था कि यदि जरूरत पड़ी तो, गिरफ्तार किये गए लोगों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत भी मामला दर्ज किया जाएगा।

## महाराष्ट्र में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजने की तैयारी की गयी : फडणवीस

**पुणे :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में पाकिस्तानी नागरिकों के लापता होने संबंधी खबरों को रविवार को खारिज किया और कहा कि सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की जा चुकी है।



फडणवीस ने कहा कि केंद्र के निर्देशानुसार पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की व्यवस्था की जा रही है। पड़ोसी देश के 12 श्रेणियों के अल्पकालिक वीजा धारकों के लिए देश छोड़ने की समय सीमा रविवार को समाप्त हो गई। संवाददाताओं से बातचीत में फडणवीस ने कहा, ''राज्य के गृह मंत्री के तौर पर मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि इस मुद्दे पर कोई गलत खबर न चलाएं। महाराष्ट्र में कोई भी पाकिस्तानी नागरिक लापता नहीं है और सभी का पता लगा लिया गया है। उन सभी को वापस भेजने की व्यवस्था कर दी गई है और राज्य में कोई भी पाकिस्तानी नागरिक नहीं बचेगा। सभी को आज शाम या कल तक वापस भेज दिया जाएगा।'' मुख्यमंत्री फडणवीस ने पुणे नगर निगम के एक कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान यह बात कही।

## हनुमानगढ़ी के मुख्य पुजारी 70 साल बाद पहली बार मंदिर परिसर से बाहर निकलेंगे, रामलला के करेंगे दर्शन

**अयोध्या (उप्र) :** हनुमानगढ़ी मंदिर के 70 वर्षीय मुख्य पुजारी आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर पहली बार इस मंदिर परिसर से बाहर निकलकर पास के राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन करेंगे। 'गद्दी नशीं' की उपाधि प्राप्त महंत प्रेम दास 70 साल के हैं और अपने जीवन में वह 52 बीघा क्षेत्र में फैले मंदिर परिसर को छोड़कर कभी बाहर नहीं गए हैं। सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार, 'गद्दी नशीं' को जीवन भर मंदिर से बाहर जाने की मनाही होती है। अयोध्या निवासी प्रज्ज्वल सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया,



''18वीं शताब्दी में मंदिर की स्थापना के साथ शुरू हुई परंपरा इतनी सख्त थी कि गद्दी नशीं को स्थानीय अदा-लतों में भी पेश होने से रोक दिया जाता था।'' परंपरा से यह बदलाव महंत प्रेम दास द्वारा राम मंदिर में दर्शन की इच्छा व्यक्त करने के बाद किया गया है। उन्होंने निर्वाणी अखाड़े के पंचों (सदस्यों) को अपनी इच्छा बताई, जिन्होंने सर्वसम्मति से उन्हें यात्रा की अनुमति दे दी। निर्वाणी अखाड़े के प्रमुख महंत रामकुमार दास ने कहा, ''आगामी 30 अप्रैल को पड़ने वाली अक्षय तृतीया के दिन महंत प्रेम दास हनुमानगढ़ी से राम मंदिर तक अखाड़े के 'निशान' (प्रतीक चिह्न) के साथ एक जुलूस का नेतृत्व करेंगे, जिसमें हाथी, ऊंट और घोड़े भी शामिल

## पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक 'अस्थिरता' में चीन के शामिल होने की संभावना नहीं: पूर्व सैन्य कमांडर

**गुवाहाटी :** भारतीय सेना के एक पूर्व कमांडर ने कहा है कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य और शुल्क (टैरिफ) संबंधी ''जटिलताओं'' के कारण, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच ''अस्थिरता'' में चीन के सीधे तौर पर शामिल होने की संभावना नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि पाकिस्तान के साथ चीन की मित्रता जगजाहिर है। पूर्वी कमान के पूर्व प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) राणा प्रताप कलिता ने



'पीटीआई-भाषा' से कहा, गलवान 2020 की घटना के बाद, दोनों देशों के बीच काफी विचार-विमर्श हुआ और टकराव के अंतिम बिंदु पर गतिरोध को हल कर लिया गया है।




श्यामतारा राइस मिल्स ने कोलकाता के ताज बंगाल होटल में कुपोषण से निपटने के लिए 'बेंगल क्राउन फोर्टिफाइड राइस' किया लॉन्च। इस अवसर पर अभिषेक शुक्ला और अभिषेक अग्रवाल उपस्थित रहे।

## मप्र: मोटरसाइकिल से टकराने के बाद कुएं में गिरी वैन, 11 लोगों की मौत

**मंदसौर :** मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले में रविवार को तेज रफ्तार एक वैन, मोटरसाइकिल से टकराने के बाद कुएं में गिर गयी, जिससे बाइक सवार सहित 11 लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतकों में एक स्थानीय व्यक्ति भी शामिल है, जो लोगों को बचाने के लिए कुएं में उतरा था। यह हादसा नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में हुआ। रतलाम रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मनोज सिंह ने बताया कि वैन में 13 लोग सवार थे। उन्होंने कहा, ''इनमें से चार लोगों को बचा लिया गया जबकि नौ की मौत हो गई। बचाव



के लिए कुएं में उतरे मनोहर नाम के एक ग्रामीण की भी मौत हो गई।'' सिंह ने बताया कि हादसे के शिकार एक व्यक्ति का शव अभी तक कुएं से बाहर नहीं निकाला गया है। उन्होंने कहा, ''प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि मोटरसाइकिल से टकराने के बाद वैन चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया। वैन इसके बाद कुएं में जा गिरी।'' सिंह ने बताया कि बाइक सवार की भी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य एजेंसियों के कर्मियों द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

## लोग धैर्य रखें, सरकार पहलगाम हमले के गुनाहगारों पर कर रही कार्रवाई : जनरल वी के सिंह

**उज्जैन :** मिजोरम के राज्यपाल जनरल वी के सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर रविवार को जनता से धैर्य रखने की अपील की और कहा कि सरकार कार्रवाई कर रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व सेना प्रमुख सिंह विक्रम विश्वविद्यालय में एक समारोह को संबोधित करने के लिए उज्जैन में थे। सिंह ने पहलगाम में पर्यटकों की नृशंस हत्या के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा, ''... सरकार इस पर कुछ कार्रवाई कर रही है। हम सभी को धैर्य रखना चाहिए और भविष्य में सतर्क रहना चाहिए, ताकि अगर हमें कुछ भी असामान्य दिखाई दे, तो हम पहले से ही इसका पता लगा सकें।'' भारत और पड़ोसी देश के बीच तनाव के बीच पाकिस्तान की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में सिंह ने कहा, ''आप पाकिस्तान के बारे में बात क्यों कर रहे हैं? हमारे देश के बारे में बात करें।'' विश्वविद्यालय के छात्रों का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा कि उन्होंने भविष्य में देश को चलाने वाले युवाओं से कहा है कि उन्हें खुद को सशक्त बनाने की जरूरत है। विश्वविद्यालय में कार्यक्रम के बाद उन्होंने प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## भूस्खलन के बाद उत्तरी सिक्किम में फंसे सभी पर्यटकों को निकाला गया



**गंगटोक :** उत्तरी सिक्किम के लाचेन में भूस्खलन के कारण फंसे सभी पर्यटकों को रविवार को वहां से निकाल लिया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगभग 600 पर्यटक 126 वाहनों से लाचेन से डोंगखा ला होते हुए लाचुंग के लिए रवाना हुए। उन्होंने कहा कि अधिकतर वाहन चुंगथांग को पार कर चुके हैं और सांगकालांग बेली पुल होते हुए अपने-अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं। इस सप्ताह के प्रारंभ में उत्तरी सिक्किम में मंगन जिले के चुंगथांग, लाचुंग और लाचेन कस्बों में भारी बारिश के बाद भूस्खलन होने से लगभग 3,000 पर्यटक फंस गए थे क्योंकि क्षेत्र में यातायात बाधित हो गया था। चुंगथांग में सैकड़ों पर्यटकों ने एक गुरुद्वारे में शरण ली थी, जबकि अन्य लोग होटलों, होमस्टे और अन्य स्थानों पर कई दिनों तक रुके रहे। जिला प्रशासन बीआरओ की मदद से सड़कों की मरम्मत और वाहनों की आवाजाही के लिए बहाली के काम में जुट गया। मंगन के जिलाधिकारी अनंत जैन और अन्य अधिकारियों ने वहां से पर्यटकों को निकालने की प्रक्रिया का नेतृत्व किया।

## पीएनबी घोटाला बैंक की जिस शाखा में हुआ, उसे एक कैफे में किया गया तब्दील

**मुंबई :** हीरा कारोबारी नीरव मोदी और उसके मामा मेहुल चोकसी से जुड़े करोड़ों डॉलर के घोटाले के लिए बदनाम पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की मुंबई स्थित ब्रैडी हाउस शाखा को एक कैफे में बदल दिया गया है। अब परिसर में ग्राहक आरामदायक कुर्सियों और आलीशान सोफे पर बैठकर और पृष्ठभूमि में बज रहे हल्के संगीत के साथ गर्म जैविक कॉफी का आनंद लेते हैं। यह उस अराजकता के बिल्कुल विपरीत है जो उस समय फैली थी, जब दोनों ने बैंक को 13,000 करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाया था। दक्षिण मुंबई के फोर्ट क्षेत्र में स्थित ब्रैडी हाउस भवन कभी देश में हुए सबसे बड़े वित्तीय घोटालों में से एक का केंद्र था। नीरव मोदी और उसके मामा मेहुल चोकसी ने मार्च 2011 से नवंबर 2017 के बीच बैंक की ब्रैडी हाउस शाखा के अधिकारियों को रिश्वत देकर एलओयू और विदेशी ऋण पत्रों (एलएलसी) का उपयोग करके पीएनबी से कथित तौर पर 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की जनता की राशि हड़प ली। दो हफ्ते पहले बेल्जियम में चोकसी की गिरफ्तारी के बाद ब्रैडी हाउस फिर से सुर्खियों में है, लेकिन इस शाखा का संचालन कुछ साल पहले फोर्ट में सर पी एम रोड स्थित पीएनबी हाउस में स्थानांतरित कर दिया गया था और परिसर को किराये पर दे दिया गया।

## ईडी कार्यालय में लगी भीषण आग 12 घंटे बाद बुझाई गई, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं



**मुंबई :** दक्षिण मुंबई के 'बलार्ड एस्टेट' इलाके में शनिवार देर रात प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय की इमारत में भीषण आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुंबई अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कैसर-ए-हिंद इमारत में लगी आग को 12 घंटे के लगातार अभियान के बाद दोपहर करीब 2:10 बजे बुझाया गया। इस अभियान के दौरान दमकल की आठ गाड़ियां, पानी के टैंकर और अन्य उपकरण तैनात किए गए थे। यह 'स्तर तीन' की आग थी जिसे भीषण आग माना जाता है। पांच मंजिला इमारत की चौथी मंजिल पर लगी आग को बुझाने के क्रम में इमारत पर चारों ओर से पानी की बौछारें की गयीं। इमारत की चौथी मंजिल पर ही प्रवर्तन निद-ेशालय का कार्यालय है। मुंबई अग्निशमन विभाग के मुख्य अग्निशमन अधिकारी रवींद्र अम्बुलगेकर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि आग इमारत की चौथी मंजिल और बीच की मंजिल तक ही सीमित थी, लेकिन फाइलों और फर्नीचर से आग और भड़क गई।

## यदि अपरिहार्य हो तो ही पाकिस्तान के साथ युद्ध हो, हमने इसके लिए पूरी तरह मना नहीं किया: सिद्धरमैया

**बेंगलुरु :** पहलगाम आतंकवादी हमले पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री की टिप्पणी को पाकिस्तानी मीडिया में तूल दिए जाने और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा इसकी आलोचना किए जाने के बीच सिद्धरमैया ने रविवार को स्पष्ट किया कि उन्होंने युद्ध के लिए पूरी तरह से मना नहीं किया है, बल्कि उनका मतलब यह था कि युद्ध तभी होना चाहिए जब यह अपरिहार्य हो, क्योंकि यह समाधान नहीं है। सिद्धरमैया ने पहलगाम हमले के संबंध में कहा था कि ''युद्ध की कोई आवश्यकता नहीं'' है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों को सुरक्षा मुहैया कराना केंद्र सरकार का



दायित्व था। मुख्यमंत्री ने अपना यह रुख दोहराया कि इस संबंध में खामियां रहीं और इस घटना को रोकने में खुफिया एजेंसियां विफल रहीं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में कर्नाटक के दो लोग शामिल थे। सिद्धरमैया ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''युद्ध की जरूरत नहीं है, इसका मतलब है कि अगर अपरिहार्य हो तो ही युद्ध होना चाहिए...। युद्ध से कोई समाधान नहीं निकल सकता। मैंने युद्ध के लिए मना नहीं किया है।'' जब मुख्यमंत्री से कहा गया कि पाकिस्तानी मीडिया उनके बयान को तूल दे रहा है तो उन्होंने कहा, ''मैंने पाकिस्तान के साथ युद्ध के लिए मना नहीं किया।

### सुधांशु त्रिवेदी ने बोला सिद्धारमैया पर हमला

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने संबंध में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बयान पर कहा, जहां देश इस हमले के खिलाफ आक्रोश में हैं, जन-जन के मन में है कि इसका कठोर और प्रभावी उत्तर भारत को देना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने उसी भावना के अनुरूप अपना संकल्प व्यक्त किया है कि इस घटना को करने वालों को उनके अंजाम तक पहुंचाकर न्याय सुनिश्चित किया जाएगा। बहुत दुख की बात है कि कांग्रेस के कुछ नेता ठीक वही भाषा बोल रहे हैं जो पाकिस्तान बोल रहा है।

## दिल्ली के रोहिणी में झुग्गी बस्ती में आग लगने से दो बच्चों की मौत, 800 झुग्गियां जलकर खाक

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के रोहिणी के सेक्टर-17 में रविवार सुबह झुग्गियों में लगी भीषण आग में झुलसकर दो बच्चों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अग्निशमन कर्मियों ने तीन घंटे की अथक मेहनत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया, लेकिन घटनास्थल पर शीतलन अभियान अभी जारी है। रोहिणी के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि घटनास्थल से दो बच्चों के जले हुए शव बरामद किए गए, जिनकी उम्र क्रमश: ढाई साल और तीन साल है। डीएफएस के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें पूर्वाह्न करीब 11:55 बजे घटना की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया, ''हमें सेक्टर 17 में श्रीनिकेतन अपार्टमेंट के पास आग लगने की सूचना मिली। हमने तुरंत दमकल की 17 गाड़ियों को भेजा। हमने अपराह्न 12.40 बजे पाया कि बहुत भीषण आग लगी हुई है, जिसके बाद अधिक गाड़ियों और कर्मियों को बुलाया गया।'' अधिकारी ने बताया कि आग लगने से करीब पांच एकड़ में फैली 800 से ज़्यादा झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। जब अग्निशमन कर्मी आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे तो आसमान में धुएं का घना गुबार उठ रहा था। डीएफएस के अधिकारी ने कहा, ''आग पर पूरी तरह से काबू पाने में तीन घंटे से अधिक का समय लगा। शीतलन अभियान अब भी जारी है। दो बच्चों के शव बरामद कर लिए गए हैं और उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल भेज दिया गया है।'' उन्होंने कहा, ''आग अब पूरी तरह से काबू में है। शीतलन अभियान जारी है।'' घटनास्थल पर अग्निशमन विभाग के साथ-साथ पुलिस की कई टीम भी तैनात की गई हैं। डीएफएस के अनुसार, सबसे पहले एक झुग्गी में आग लगी थी और इसने तुरंत पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। अधिकारी ने बताया कि स्थान के कारण अग्निशमन कर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, ''प्रभावित क्षेत्र के सामने चारदीवारी वाला एक आव-ासीय परिसर है, जिससे वहां पहुंचना बेहद मुश्किल है। दमकल गाड़ियों को एक के पीछे एक खड़ा करना पड़ा, जिससे अभियान में देरी हुई।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### पीएसएल में शामिल भारतीय स्वदेश लौटे

**कराची :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को 23 भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी की सुविधा प्रदान की जो पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के प्रोडक्शन और प्रसारण टीम का हिस्सा थे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच कूटनीतिक और सीमा तनाव बढ़ने के बाद पाकिस्तान सरकार ने पाकिस्तान में सभी भारतीय नागरिकों को 30 अप्रैल तक देश छोड़ने के लिए कहा था। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों को आतंकवादियों ने गोली मार दी थी। पीसीबी के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि पीएसएल मैचों के प्रोडक्शन और प्रसारण के लिए पाकिस्तान में मौजूद 23 भारतीय नागरिकों को वापस भेज दिया गया है। अधिकारी ने कहा, 'सभी भारतीय नागरिक लाहौर से वाघा सीमा के रास्ते स्वदेश लौट आए।' भारतीय कैमरामैन और तकनीशियनों को कंपनी ने काम पर रखा है जो पीएसएल मैचों का प्रोडक्शन और प्रसारण कर रही है।

# आरसीबी की सातवीं जीत, दिल्ली को 6 विकेट से हराया

## क्रुणाल पांड्या-विराट कोहली के अर्धशतक



क्रुणाल पांड्या और विराट कोहली की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर सत्र की सातवीं जीत दर्ज की। वहीं, यह उनकी घर से बाहर लगातार छठी जीत है। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 162 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 18.3 ओवर में चार विकेट खोकर 164 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। दिल्ली के लिए अक्षर पटेल ने दो और दुष्मंथा चमीरा ने एक विकेट लिया। इस जीत के साथ आरसीबी 14 अंक और 0.521 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। रजत पाटीदार के नेतृत्व में बेंगलुरु ने 10 में से सात मुकाबले जीते हैं। वहीं, नौ में से छह मैच जीतने और तीन हारने वाली दिल्ली 12 अंक और 0.482 नेट रन रेट के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमश: गुजरात और मुंबई इंडियंस हैं। दोनों के खाते में 12-12 अंक हैं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की इस मैच में खराब शुरुआत हुई थी। 26 के स्कोर पर टीम ने तीन विकेट गंवा दिए थे। अक्षर पटेल ने जैकब बेथेल (12) और देवदत्त पडिक्कल (0) को अना शिकार बनाया। वहीं, करुण नायर ने कप्तान रजत पाटीदार को रनआउट कर आरसीबी को तीसरा झटका दिया। इसके बाद विराट कोहली और क्रुणाल पांड्या ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी हुई जो आरसीबी की किसी भी जोड़ी के द्वारा निभाई गई सबसे बड़ी पार्टनरशिप है और चौथे विकेट के लिए इस सत्र की सबसे बड़ी साझेदारी भी है। दोनों ने दिल्ली के गेंदबाजों पर शिकंजा कसते हुए आरसीबी को शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान क्रुणाल पांड्या ने 38 गेंदों में अपने करियर का दूसरा अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले उन्होंने 2016 में पचासा जड़ा था। वह 47 गेंदों में 73 रन बनाकर नाबाद रहे। इस दौरान उनके बल्ले से पांच चौके और चार गगनचुंबी छक्के निकले। वहीं, किंग कोहली भी मौजूदा सत्र का छठा अर्धशतक पूरा करने में कामयाब रहे। उन्होंने 45 गेंदों में इस आईपीएल में तीसरा पचासा जड़ा। वह चार चौके की मदद से 51 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलने में कामयाब हुए। टिम डेविड पांच गेंदों में 19 रन बनाकर नाबाद रहे।

## न्यूज अपडेट

### भारत ने एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप में 83 स्वर्ण पदक जीते



**नयी दिल्ली :** भारत ने उम्मीद के मुताबिक एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया और रविवार को यहां रिकॉर्ड 83 स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने तीन रजत और एक कांस्य पदक भी जीते जिससे 87 पदकों के साथ मेजबान जापान से काफी आगे रहा। जापान ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक जीते। मंगोलिया, ओमान और नेपाल शीर्ष पांच में शामिल रहे। इस चैंपियनशिप में नेपाल, श्रीलंका और उज्बेकिस्तान सहित 21 से अधिक देशों ने हिस्सा लिया। योगासन भारत के अध्यक्ष उदित शेठ ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'यह खेल तेजी से आगे बढ़ रहा है इसलिए हमारे सामने बहुत सारी प्रतिस्पर्धाएं हैं और हमें अपनी उत्कृष्टता को बनाए रखने की जरूरत है। टीम इंडिया ने अच्छा प्रदर्शन किया।' उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, थाईलैंड, कजाकिस्तान और भूटान जैसे देशों ने भी शानदार प्रदर्शन किया जिससे एशिया भर में प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में योगासन की बढ़ती लोकप्रियता उजागर हुई।

### अभिनव साव ने केएसएसएम निशानेबाजी चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीते



**नयी दिल्ली :** युवा अभिनव शॉ ने रविवार को कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप (केएसएसएम) में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में सीनियर, जूनियर और युवा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल के 17 वर्षीय अभिनव ने विभिन्न निशानेबाजों के साथ मिलकर सभी वर्गों में तीनों स्वर्ण पदक जीते। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अब तक के सबसे कम उम्र के पदक विजेता और मिश्रित टीम स्पर्धा में जूनियर विश्व चैंपियन अभिनव ने सीनियर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम फाइनल में विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मेहुली घोष के साथ मिलकर रेलवे की मेघना सज्जनार और शाहू तुषार माने की जोड़ी को 16-4 से हराया। इस स्पर्धा में एलावेनिल वलारिवन और स्मित रमेशभाई मोराडिया ने गुजरात के लिए कांस्य पदक जीता। जूनियर स्पर्धा के स्वर्ण पदक मैच में अभिनव ने स्वाति चौधरी के साथ मिलकर पश्चिम बंगाल को दिन का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने महाराष्ट्र की शम्भवी क्षीरसागर और पार्थ राकेश माने को 16-12 से हराया। अभिनव अग्रवाल और गौतमी भनोट ने मध्य प्रदेश के लिए कांस्य पदक जीता। अभिनव ने युवा वर्ग में संद्रता रॉय के साथ स्वर्णिम हैट्रिक पूरी की। इस जोड़ी ने मध्य प्रदेश की निखिल पुंडीर और गौतमी भनोट की जोड़ी को 17-5 से हराया। हरियाणा ने अमीरा अरशद और पुरु राज बिरथल के माध्यम से कांस्य पदक जीता। भोपाल में रिदम सांगवान और आदित्य मालरा ने सीनियर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा जीती। हरियाणा की जोड़ी ने स्वर्ण पदक मैच में महाराष्ट्र की राही सरनोबत और प्रणव को 16-14 से हराया। सीनियर मिश्रित टीम पिस्टल स्पर्धा में मौजूदा विश्व चैंपियन शिव नरवाल और कनक ने फिर जूनियर स्पर्धा में राजस्थान पर 16-8 की जीत से हरियाणा को दूसरा स्वर्ण दिलाया। दिल्ली की रश्मिका सहगल ने चैंपियनशिप में अपना चौथा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने युवा वर्ग के स्वर्ण पदक मैच में हार्दिक के साथ मिलकर कर्नाटक को 16-6 से हराया।

## बुमराह के चार विकेट, रिकलटन और सूर्यकुमार के अर्धशतक, मुंबई इंडियंस की लगातार पांचवीं जीत



**मुंबई :** जसप्रीत बुमराह की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 54 रनों से हराया। लखनऊ ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था, लेकिन सूर्यकुमार यादव और रियान रिक्लेटन की अर्धशतकीय पारी की मदद से मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट पर 215 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 20 ओवर में 161 रन पर ऑलआउट हो गई। मुंबई के लिए बुमराह ने शानदार गेंदबाजी की और चार ओवर में 22 रन देकर चार विकेट झटके। बुमराह इसके साथ ही मुंबई के लिए सबसे सफल गेंदबाज बन गए हैं और उन्होंने इस मामले में लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ दिया है। लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने एडेन मार्करम का विकेट जल्दी गंवा दिया जो नौ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विल जैक्स ने निकोलस पूरन को आउट कर लखनऊ को बड़ा झटका दिया जो 15 गेंदों पर 27 रन बनाकर आउट हुए। लखनऊ के कप्तान एक बार फिर विफल रहे और चार रन बनाकर पवेलियन लौटे। मिचेल मार्श ने हालांकि कुछ हद तक टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन बोल्ट ने उनकी पारी का अंत कर दिया। मार्श 24 गेंदों पर 34 रन बनाकर आउट हुए। लखनऊ ने डेविड मिलर को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतारा और उन्होंने आयुष बडोनी के साथ साझेदारी निभाने की कोशिश की। बोल्ड ने बडोनी को 35 रन पर पवेलियन भेजा और फिर मिलर भी बुमराह का शिकार बने। मिलर 24 रन बनाकर आउट हुए। इसी ओवर में बुमराह ने अब्दुल समद और आवेश खान के भी विकेट चटकाए। रवि बिश्नोई ने दो छक्के लगाकर आंकड़ा कम करने का प्रयास किया, लेकिन कॉबिन बॉश ने उन्हें पवेलियन की राह दिखाई। पारी की अंतिम गेंद पर बोल्ड ने दिग्वेश राठी को बोल्ड कर लखनऊ की पारी का अंत किया। मुंबई के लिए बुमराह के अलावा बोल्ट ने तीन विकेट लिए, जबकि विल जैक्स को दो और बॉश को एक विकेट मिला।

हराया। सीनियर मिश्रित टीम पिस्टल स्पर्धा में मौजूदा विश्व चैंपियन शिव नरवाल और कनक ने फिर जूनियर स्पर्धा में राजस्थान पर 16-8 की जीत से हरियाणा को दूसरा स्वर्ण दिलाया। दिल्ली की रश्मिका सहगल ने चैंपियनशिप में अपना चौथा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने युवा वर्ग के स्वर्ण पदक मैच में हार्दिक के साथ मिलकर कर्नाटक को 16-6 से हराया।

## शानदार गेंदबाजी के बाद प्रतिका के अर्धशतक से भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को नौ विकेट से हराया

❑ पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के सम्मान में भारतीय खिलाड़ियों ने काली पट्टी बांधी



**कोलंबो :** सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के शानदार नाबाद अर्धशतक से पहले स्पिनर स्नेह राणा और पदार्पण कर रही श्री चरणी की बेहतरीन गेंदबाजी से भारत ने रविवार को यहां महिला त्रिकोणीय श्रृंखला के वर्षा बाधित पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को नौ विकेट से हराया। बारिश के कारण मैच शुरू होने में तीन का घंटे का विलंब हुआ और इसे 39 ओवर का कर दिया गया। भारत ने श्रीलंका की पारी को 38.1 ओवर में 147 रन पर समेट दिया। ऑफ स्पिनर राणा और बाएं हाथ के स्पिनर चरणी ने आठ-आठ ओवर के अपने कोटे को पूरा करते हुए क्रमश: 31 रन पर तीन और 26 रन पर दो विकेट चटकाये। अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने भी 5.1 ओवर में 22 रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत ने 29.4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर आसानी से इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। अनुभवी स्मृति मंधाना (43) ने टीम को तेज शुरुआत दिलायी जिसके बाद प्रतिका (नाबाद 50) और हरलीन देओल (नाबाद 48) ने 95 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। भारत का अगला मुकाबला 29 अप्रैल को दक्षिण अफ्रीका से होगा। इस साल आयरलैंड के खिलाफ 154 रन की पारी खेलने वाली प्रतिका ने अपने सातवें एकदिवसीय में अर्धशतक जड़ शीर्ष क्रम पर अपना दावा मजबूत किया। इस 24 साल की खिलाड़ी ने अपनी बल्लेबाजी में पूरी परिपक्वता दिखायी। उन्होंने मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए 59 गेंद में 54 रन की साझेदारी के दौरान संयमित बल्लेबाजी की। मंधाना के आउट होने के बाद उन्होंने अपनी स्ट्राइक रेट में सुधार करते हुए हरलीन के साथ 120 गेंद में 95 रन की अटूट साझेदारी की।

समाज्ञा व्यापार

## खाद्य सुरक्षा से किसान समृद्धि की ओर बढ़ने का समय: धनखड़



**कोयंबटूर (तमिलनाडु) :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को यहां कहा कि राष्ट्रीय कृषि एजेंडे के तहत अब खाद्य सुरक्षा से किसान समृद्धि की ओर बढ़ने का समय आ गया है। उन्होंने तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू) में छात्रों और अन्य लोगों से कहा कि 46 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, जबकि इसका सकल घरेलू उत्पाद में केवल 16 प्रतिशत योगदान है। धनखड़ ने 'विकसित भारत के लिए कृषि - शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहन' विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि टीएनएयू जैसे संस्थानों को अनुभवी कृषि वैज्ञानिक डॉ एम एस स्वामीनाथन की विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए। स्वामीनाथन टीएनएयू के पूर्व छात्र थे। उन्होंने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र के योगदान को बढ़ाने की जरूरत है। धनखड़ ने कहा कि भारत अब कृषि उत्पादों का शुद्ध निर्यातक है और हमारे कुल निर्यात में कृषि खाद्य उत्पादों का हिस्सा 11 प्रतिशत से अधिक है। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा, 'आपको एक नया अध्याय लिखना होगा। अब समय आ गया है कि हमारे राष्ट्रीय कृषि एजेंडे को खाद्य सुरक्षा से आगे बढ़ाया जाए... हमें खाद्य सुरक्षा से किसान समृद्धि की ओर बढ़ना चाहिए।'

# आरबीआई गवर्नर ने अमेरिकी उद्योग से भारत में निवेश करने को कहा



**वाशिंगटन :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अमेरिकी उद्योग से भारत में निवेश करने को कहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत नीतिगत स्थिरता और निश्चितता के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। मल्होत्रा ने शुक्रवार को यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और अमेरिका भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के एक कार्यक्रम में कहा कि वैश्विक वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता और अस्थिरता बढ़ने के बावजूद भारत में चालू वित्त वर्ष के दौरान 6.5 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है। गवर्नर ने कहा, 'ऐसे समय में जब कई उन्नत अर्थव्यवस्थाएं आर्थिक चुनौतियों और बिगड़ते आर्थिक परिदृश्य का सामना कर रही हैं, भारत मजबूत वृद्धि और स्थिरता दर्शा रहा है। ऐसे में यह दीर्घकालिक मूल्य और अवसर की तलाश करने वाले निवेशकों के लिए एक स्वाभाविक विकल्प बन गया है।' उन्होंने कहा कि भारत 'मौद्रिक, वित्तीय, राजनीतिक और नीतिगत स्थिरता, अनुकूल कारोबारी माहौल, और मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियाद से समर्थित अर्थव्यवस्था बना हुआ है।' मल्होत्रा ने कहा, 'हमारे पास एक साथ भविष्य को आकार देने का मौका है - न केवल भारत के लिए बल्कि एक बेहतर दुनिया के लिए। मैं आपको इस यात्रा का हिस्सा बनने, सहयोग करने, नवाचार करने और भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित करता हूं।'

## न्यूज अपडेट

### एफपीआई ने पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में 17,425 करोड़ रुपये निवेश किए

**नयी दिल्ली :** विदेशी निवेशकों ने पिछले सप्ताह देश के इक्विटी बाजारों में 17,425 करोड़ रुपये का निवेश किया। अनुकूल वैश्विक संकेतों और मजबूत घरेलू व्यापक आर्थिक संकेतकों के चलते ऐसा हुआ। इससे पहले 18 अप्रैल को समाप्त हुए सप्ताह में एफपीआई ने 8,500 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। वैश्विक स्तर पर, प्रमुख बाजारों में स्थिर प्रदर्शन, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि रोकने के अनुमान और स्थिर अमेरिकी डॉलर ने भारतीय बाजारों को मजबूती दी। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट के संयुक्त निदेशक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि वैश्विक व्यापार तनाव कम होने से निवेशकों की धारणा में और सुधार आया। घरेलू स्तर पर, भारत की अपेक्षाकृत बेहतर वृदधि संभावनाओं, मुद्रास्फीति में नरमी और सामान्य मानसून के अनुमानों से निवेशकों का बाजार में भरोसा बढ़ा। उन्होंने कहा कि इन सभी कारकों ने विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक निवेश माहौल तैयार किया है।

### कृत्रिम मेधा का मतलब कौशल विकास है, नौकरी खत्म होना नहीं: टीसीएस वैश्विक एआई प्रमुख

**नयी दिल्ली :** प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की कृत्रिम मेधा (एआई) इकाई के वैश्विक प्रमुख अशोक कृष ने कहा कि एआई नई प्रौद्योगिकियों के सृजन को बढ़ावा देगी तथा कार्य की प्रकृति को नया आकार देगी। उन्होंने कहा कि एआई को कौशल परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि नौकरियों के लिए खतरे के नजरिए से। कृष ने पीटीआई-भाषा से विशेष बातचीत में बताया कि एआई केवल एक प्रौद्योगिकी बदलाव नहीं है, बल्कि एक सांस्कृतिक परिवर्तन है जिसके लिए ऐसे कार्यान्वयन के साथ-साथ लोगों के काम करने के तरीके को बदलने की आवश्यकता है। पिछले तीन दशकों में विघटनकारी प्रौद्योगिकियों - मेनफ्रेम से लेकर इंटरनेट, ई-कॉमर्स, डिजिटल और क्लाउड तक की बार-बार लहरें देखी गई हैं। प्रत्येक बदलाव ने भविष्य की संभावनाओं के बारे में आशंकाएं और कभी-कभी 'भयभीत करने वाली' भावनाएं पैदा की हैं। व्यापक रुझान को देखते हुए, उन्होंने कहा कि एआई सिर्फ अगला विकास है, जो अंततः अधिक प्रौद्योगिकी के निर्माण की ओर ले जाएगा, क्योंकि यह पूरी प्रक्रिया को सरल बनाता है।

### उप्र के 4.2 लाख से अधिक किसानों ने 2025-26 सत्र के लिए खरीद केंद्रों पर पंजीकरण कराया

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में 4.2 लाख से अधिक किसानों ने 42 दिन में 2025-26 सत्र के लिए खरीद केंद्रों पर अपना पंजीकरण कराया है, जो औसतन प्रतिदिन 10,000 से अधिक पंजीकरण है। उत्तर प्रदेश सरकार ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। गेहूं खरीद 17 मार्च को शुरू हुई थी। इसके बाद से, 1.19 लाख से अधिक किसानों ने लगभग 6.57 लाख टन गेहूं बेचा है। बयान के अनुसार, यह अभियान 15 जून तक जारी रहेगा और इसमें राज्य भर के किसानों की मजबूत भागीदारी देखी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के बाद खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी किसानों तक पहुंच रहे हैं और जमीनी स्तर पर सुचारू संचालन सुनिश्चित कर रहे हैं। खरीद केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल और छायादार प्रतीक्षा क्षेत्रों सहित उचित सुविधाओं की गारंटी के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे किसान-अनुकूल वातावरण तैयार हो सके। जिन किसानों ने अभी तक गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण नहीं कराया है या पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं कराया है, वे एफसीएस.यूपी.जीओवी.आईएन पर या यूपी किसान मित्र मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। गेहूं बेचने के लिए इस पोर्टल/ऐप पर पंजीकरण अनिवार्य है।

## रिलायंस ने सौर ऊर्जा विनिर्माण की पहली इकाई शुरू की, 10 गीगावाट क्षमता का लक्ष्य

**नयी दिल्ली :** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सौर पैनलों के निर्माण के लिए अपनी पहली इकाई चालू कर दी है और बैटरी भंडारण उत्पादन सुविधाओं का निर्माण करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। कंपनी ने निवेशकों के समक्ष प्रस्तुति में यह जानकारी दी। रिलायंस ने 2021 में नवीकरणीय ऊर्जा, भंडारण और हाइड्रोजन को कवर करते हुए 10 अरब डॉलर की योजना का अनावरण किया था क्योंकि इसने 2035 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन की स्थिति का अनुसरण कर रही है। रिलायंस भारत का सबसे बड़ा समूह है, जो तेल और पेट्रोकेमिकल्स से लेकर दूरसंचार और खुदरा क्षेत्र तक में सक्रिय है। शुक्रवार को पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की आय की घोषणा करते हुए एक निवेशक प्रस्तुति पोस्ट में रिलायंस ने कहा, सौर पीवी मॉड्यूल की पहली लाइन चालू हो गई है। उद्योगपति मुकेश अंबानी द्वारा संचालित यह कंपनी अदाणी समूह, टाटा, वारी एनर्जी और विक्रम सोलर जैसी कंपनियों में शामिल हो गई है जो सौर पीवी मॉड्यूल बनाती हैं। सरकार ने जून, 2026 से सभी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को स्थानीय स्तर पर उत्पादित सेल से बने सौर पीवीजेड मॉड्यूल का उपयोग करने का आदेश दिया है, ताकि चीनी आयात पर निर्भरता कम की जा सके और घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा दिया जा सके। घरेलू सौर पैनल विनिर्माण भारत को 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के अपने व्यापक लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा। रिलायंस गुजरात के जामनगर में 5,000 एकड़ की जगह पर 'गीगा फैक्ट्रियां' बना रही है, जहां फोटोवोल्टिक (पीवी) मॉड्यूल, बैटरी, हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर और ईंधन सेल का उत्पादन किया जाएगा।

## गोयल की लंदन, ओस्लो, ब्रुसेल्स यात्रा 28 अप्रैल से



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए लंदन, ओस्लो और ब्रसेल्स की यात्रा 28 अप्रैल से शुरू होगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस पांच दिवसीय यात्रा का उद्देश्य ब्रिटेन, नॉर्वे और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ भारत के व्यापार और निवेश संबंधों को और बढ़ावा देना है। लंदन यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है। ओस्लो की यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत ने पिछले साल मार्च में चार यूरोपीय राष्ट्रों के समूह ईएफटीए के साथ एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस साल इसके लागू होने की उम्मीद है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे। समझौते के तहत, भारत को समूह से 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और तराशे एवं पॉलिश किए गए हीरे जैसे कई उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर अनुमति दी गई है। दूसरी ओर, 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ व्यापार समझौते के लिए बातचीत भी तेजी से आगे बढ़ रही है।

## व्यापार वार्ता में भारत प्रौद्योगिकी पहुंच पर अमेरिका से बराबरी की मांग कर सकता है

**नयी दिल्ली :** भारत प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तहत अमेरिका से निर्यात नियंत्रणों में ढील देने तथा ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और जापान जैसे प्रमुख अमेरिकी सहयोगियों के समान महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों तक पहुंच प्रदान करने के लिए कह सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और जापान जैसे प्रमुख सहयोगियों को अमेरिका इस तरह की सुविधा देता है। भारत प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत अपने लिए भी समान पहुंच की मांग कर सकता है। सूत्रों ने कहा कि भारत दूरसंचार उपकरण, जैव प्रौद्योगिकी, एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), दवा, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों के लिए ये ढील मांग सकता है। इसके अलावा अमेरिका से निर्यात नियंत्रणों को आसान बनाने के लिए भी कहा जाएगा। नयी दिल्ली अमेरिका के साथ प्रस्तावित समझौते में कपड़ा, रत्न और वाहन (विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन), वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पाद, डेयरी और सेब जैसे कृषि उत्पादों पर शुल्क रियायतें चाहता है। सूत्रों में से एक ने कहा कि प्रस्तावित बीटीए के तहत भारत अमेरिका से अनुरोध कर सकता है कि वह उसे ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और जापान सहित अन्य प्रमुख अमेरिकी सहयोगियों के बराबर रखे। खासकर दूरसंचार उपकरण, जैव प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निर्यात नियंत्रणों को आसान बनाकर प्रौद्योगिकी तक पहुंच के मामले में ऐसी मांग की जाएगी। इन क्षेत्रों में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों तक आसान पहुंच से भारत को नवाचार क्षमताओं को बढ़ाने, प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने तथा देश की आर्थिक वृद्धि को गति देने में मदद मिलेगी। समझौते के लिए बातचीत का नेतृत्व कर रहे वाणिज्य मंत्रालय ने इन मुद्दों के बारे में पूछने पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

**वर्ष 10, पूर्णांक 4196 अंक 006, RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in